DELHI CRIME 14 may 2022:Layout 1 5/13/2022 7:22 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | शनिवार 14 मई 2022 | पीडीएफ अंक-24 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

## मौसम

अधिकतम –44 सूर्योदय – 5 : 31
न्यूनतम – 30 सूर्यास्त – 7 : 04

## सोना चांदी

सोना – 52040.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 60800.00 किलो

## अर्थसार

सैंसेक्स – 52793.36 निफ्टी – 15782.15
रु/यूएस डॉलर – 77.54 रु/यूरो – 80.34

## न्यूज फ्लैश

### यूएई के राष्ट्रपति के निधन पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि शेख खलीफा बिन जायद के निधन के बारे में जानकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। वह एक महान और दूरदर्शी नेता थे जिनके शासन में भारत-यूएई संबंध समृद्ध हुए। भारत के लोगों की हार्दिक संवेदना यूएई के लोगों के साथ है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने संयुक्त अरब अमीरात का आधुनिकीकरण और सशक्तीकरण किया। उन्होंने भारत-यूएई संबंधों के परिवर्तन की नींव रखी। उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह 3 नवबंर, 2004 को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक बने थे।

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को 50 हजार के मुचलके पर मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को 50 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने 12 मई को अमानतुल्लाह को मदनपुर खादर इलाके में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी अभियान में बाधा डालने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आज दिल्ली पुलिस ने अमानतुल्लाह खान को साकेत कोर्ट में पेश किया। दिल्ली पुलिस ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की। अमानतुल्लाह के वकील ने न्यायिक हिरासत का विरोध करते हुए जमानत की मांग की थी। अमानतुल्लाह खान के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 186,332,353,147,148,149 और 153 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। अमानतुल्लाह खान अपने समर्थकों समेत मदनपुर खादर में बुलडोजर की कार्रवाई रुकवाने गए थे।

### अब एमपी के मदरसों में भी राष्ट्रगान होगा अनिवार्य, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दिए संकेत

**भोपाल।** यूपी में योगी सरकार के मदरसों में राष्ट्रगान को अनिवार्य करने के बाद एमपी के मदरसों में इसको इसको लागू करने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों में 12 मई से रोजाना राष्ट्रगान का गायन अनिवार्य कर दिया गया। इससे संबंधित आदेश भी जारी हो चुके हैं। जिसके बाद से इसको लेकर बयानबाजी भी शुरू हो गई। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हमें भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से देशभक्ति का प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। वहीं अब मध्य प्रदेश में भी मदरसों में राष्ट्रगान को अनिवार्य किया जा सकता है। इसके संकेत गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की तरफ से दिए गए हैं। एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान सवाल पर उन्होंने कहा कि ये एक विचारणीय बिंदु हैं। इस मुद्दे पर विचार किया जा सकता है। एक रिपोर्टर के सवाल 'उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य करने के बाद क्या मध्य प्रदेश में भी ऐसा किया जा सकता है?' जिसके जवाब में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रगान हर जगह होना चाहिए। विचारणीय बिन्दु है, विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही नरोत्तम मिश्रा ने उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के चितिंन शिविर पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह चिंतन शिविर नहीं चिंता शिविर है। पार्टी को बचाने की चिंता है। कांग्रेस को राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाने की चिंता है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार एसएन पांडे ने गत नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस बारे में आदेश जारी किया। पांडे ने आदेश में कहा है कि पिछली 24 मार्च को बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप नए शिक्षण सत्र से सभी मदरसों में प्रार्थना के समय राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है। पांडे ने बताया कि रमजान माह के दौरान मदरसों में 30 मार्च से 11 मई तक अवकाश घोषित था और 12 मई से नियमित कक्षाएं शुरू हुईं लिहाजा यह आदेश आज से लागू हो गया है।

### 26 मई के आसपास केरल में दस्तक देगा मानसून

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी की मार झेल रहे देशवासियों को मॉनसून 2022 आने का बेसब्री से इंतजार है। मौसम विभाग के बाद निजी मौसम पूवार्नुमान एजेंसी ने भी मॉनसून आने को लेकर पूवार्नुमान जारी कर बताया है कि किस दिन दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरूआत केरल से होगी। एजेंसी के मौसम विशेषज्ञों ने अपने अनुमान में कहा है कि इस साल केरल में प्री-मॉनसून बारिश व्यापक और शक्तिशाली होगी। मौसम पूवार्नुमान और कृषि जोखिम समाधान एजेंसी ने शुक्रवार को 2022 के लिए अपना मॉनसून पूवार्नुमान जारी कर कहा इस साल केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरूआत लगभग 26 मई 2022 से होने की संभावना है। मॉनसून की शुरूआत यह सामान्य तारीख से पहले होगी। 1961 से 2019 तक के आंकड़ों के आधार पर भारत में मॉनसून की शुरूआत की सामान्य तिथि 1 जून है। एजेंसी को उम्मीद है कि आगामी मॉनसून लंबे समय तक 98 प्रतिशत सामान्य रहेगा। जून से सितंबर तक 4 महीने की औसत अवधि के लिए यह सामान्य या सामान्य से अधिक मॉनसून का लगातार चौथा वर्ष होगा। एजेंसी का कहना है कि केरल के ऊपर दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरूआत मुख्य रूप से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री परिस्थितियों द्वारा नियंत्रित होती है। हाल ही में आए आसनी चक्रवात ने मॉनसून की धारा को सामान्य से पहले बंगाल की खाड़ी में रोक दिया था।

# हिमाचल भाजपा मंत्रियों विधायकों के टिकट काट नये चेहरों को मैदान में उतार लड़ेगी चुनाव

**धर्मशाला।** हिमाचल भाजपा के मौजूदा तीन मंत्रियों और कुछ विधायकों के टिकट कटने की खबर से हड़कंप मच गया है। भाजपा के कई नेता अपनी अपनी टिकट बचाने के लिये जोड तोड करने लगे हैं। जिससे हिमाचल भाजपा की सियासत गरमा गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में भी भाजपा ने कई सिटिंग विधायकों के टिकट काट कर चौंका दिया था। कुछ ऐसा ही फामूर्ला प्रदेश में भी तैयार किया जा रहा है। सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिये तैयार किये गये फामूर्ले में कई नेता जद में आ सकते हैं। कुछ दिन पहले जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपने हिमाचल प्रवास के दौरान कांगड़ा में भाजपा की बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश के नेताओं को अगले चुनावों में मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की बात कही थी, तो भाजपा नेताओं ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन बदले घटनाक्रम में अब बाकायदा जिन लोगों के टिकट कटने के आसार हैं, उनके नाम सार्वजनिक होने से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे नेता हैरान हैं। चूंकि पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा विधायकों में से 15 फीसदी विधायकों के टिकट उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की तर्ज पर कट सकते हैं। बताया जा रहा है कि नड्डा के हिमाचल दौरे के बाद भाजपा ने दो चरणों में आंतरिक सर्वे कराया गया है। जिसमें स्थानीय स्तर पर कुछ विधायकों और जय राम सरकार के काबीना मंत्रियों के खिलाफ जनता में असंतोष होने की बात कही गई है। रिपोर्ट के आने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सीएम जय राम ठाकुर से बात की है। व टिकट काटे जाने की सूरत में प्रभावित होने वाले इलाकों में नये चेहरे तलाशने को कहा गया है। इसी के चलते पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, पार्टी के हिमाचल प्रभारी अविनाश राय खन्ना और सह प्रभारी प्रदेश के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों का लगातार दौरा कर पार्टी की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बताया जा रहा है



कि भाजपा के सर्वेक्षण में मंत्रियों के खिलाफ लोगों में गहरी नाराजगी की बात सामने आई है। बीते दिनों शिक्षा मंत्री गोविंद के खिलाफ तो मुदार्बाद के नारे लगे कि कई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर पाए हैं। जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह को कुल्लू और ठियोग में विभिन्न मसलों से नाराजगी व्यक्त कर रोका गया और उनके खिलाफ नारेबाजी हुई। जनमंच के लिए जाते हुए ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी और सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री सरवीण को सवर्ण आयोग ने काले झंडे दिखाए। पवन राणा के खिलाफ की गई बयानबाजी पार्टी को नागवार गुजरी है। धर्मशाला के विधायक विशाल नैहरिया का अपनी पत्नी के बीच चल रहा विवाद उनके राजनीतिक भविष्य के लिये खतरा पैदा कर रहा है। नगरोटा बगवां के विधायक के प्रति भी लोगों में नाराजगी है। ज्वाली के विधायक अर्जुन सिंह और बैजनाथ से मुल्ख राज प्रेमी की परफॉर्मेंस से पार्टी नाखुश बताई जा रही है। इसी तरह पिछला चुनाव हार चुके 23 भाजपा नेताओं के दोबारा चुनाव मैदान में उतरने को लेकर भी संशय बना हुआ है। पार्टी जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री धूमल को राज्यपाल बनाने जा रही है। लिहाजा धूमल के भी बार चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है। इसी तरह चुनाव हारने की वजह से पार्टी इस बार पूर्व भाजपा अध्यक्ष सतपाल सत्ती को चुनाव लड़ने के मूड में नहीं है। इस साल के अंत में होने वाले चुनावों के लिये भाजपा पहले ही चुनावी मोड में आ चुकी है। भाजपा नेताओं के दौरों के चलते अब टिकट कटने के दायरे में आने वाले नेता परेशान हैं, तो दूसरी ओर टिकट के चाहवान अपनी गोटियां बिठाने में मशगूल हैं।

## प्रजा संग्राम यात्रा के दूसरे चरण के समापन पर आज जनसभा को संबोधित करेंगे गृह मंत्री अमित शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता पार्टी की तेंलगाना राज्य इकाई की ओर से शुरू किए गए प्रजा संग्राम यात्रा के दूसरे चरण के समापन अवसर पर शनिवार को जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। गौरतलब है कि तेलंगाना प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बंदी संजय कुमार की अगुवाई में पार्टी ने पिछले साल सितंबर में प्रजा संग्राम यात्रा के पहले चरण की शुरूआत की थी। दूसरे चरण की शुरूआत आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को गडवाल के आलमपुर स्थित जोगुलम्बा मंदिर से हुई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गृहमंत्री शाह शनिवार को जनसभा में शामिल होने से पहले शहर के रामनाथपुर स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का दौरा भी करने वाले हैं। इस जनसभा का आयोजन शहर के बाहरी इलाके में स्थित तुक्कुगुड़ा में किया गया है। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रैली के आयोजन स्थल का शुक्रवार को मुआयना किया और विश्वास जताया कि राज्य में परिवर्तन होकर रहेगा और यहां अगली सरकार भाजपा की बनेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पदयात्रा के तहत पांच मई को महबूबनगर में जनसभा में शामिल हुए थे, जबकि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी पदयात्रा में भाग लिया था। शाह



की जनसभा का राजनीतिक महत्व इसकारण भी है, क्योंकि भाजपा राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के विकल्प के तौर पर उभरना चाहती है। भाजपा को 2020 और 2021 में दुब्बक और हुजुराबाद विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव तथा ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में सफलता मिली थी, जिससे वह उत्साहित है।

## आतंकवादी हमलों के बाद कश्मीर में बड़ा ऐक्शन



**जम्मू।** कश्मीर में बीते 24 घंटे में दो आतंकी हमलों के बाद प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। टेरर लिंक के आरोपों में तीन सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। कश्मीर यूनिवर्सिटी में केमिस्ट्री के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट के अध्यापक मोहम्मद मकबूल हजाम और पुलिस के सिपाही गुलाम रसूल को तत्काल प्रभाव से नौकरी से हटा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि इन सभी लोगों को आतंकियों से सांठगांठ होने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। इससे पहले भी टेरर लिंक के आरोप में कई कर्मचारियों को हटाया गया था।

## जम्मू-कश्मीर परिसीमन प्रक्रिया पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर परिसीमन की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिका पर जम्मू-कश्मीर, केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देरी से याचिका दाखिल करने पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2020 के नोटिफिकेशन को दो साल बाद आपने चुनौती दी है, अभी तक क्या आप सो रहे थे। याचिका हाजी अब्दुल गनी खान और डॉ. मोहम्मद अयूब मट्टू ने दायर किया है। याचिका में जम्मू और कश्मीर में लोकसभा और विधानसभा सीटों के परिसीमन का विरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि परिसीमन



आयोग का गठन परिसीमन अधिनियम की धारा 3 के तहत बिना किसी क्षेत्राधिकार और अधिकार के किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से परिसीमन आयोग का गठन करना निर्वाचन आयोग के क्षेत्राधिकार में दखल देना है। याचिका में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में सीटों की बढ़ोतरी संविधान संशोधन करके ही की जा सकती है, क्योंकि संविधान के मुताबिक अगला परिसीमन 2026 में होना चाहिए। जम्मू और कश्मीर में विधानसभा की सीटें 107 से बढ़ाकर 114 बढ़ाना जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की धारा 63 और संविधान की धारा 81,82, 170 और 330 का उल्लंघन है। गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर की प्रस्तावित 114 सीटों में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की 24 सीटें भी हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 6 मार्च, 2020 को एक नोटिफिकेशन जारी कर जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में जम्मू और कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नगालैंड की विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के लिए परिसीमन आयोग का गठन किया था। इस आयोग का कार्यकाल एक साल के लिए था। बाद में 3 मार्च, 2021 को एक और नोटिफिकेशन जारी कर परिसीमन आयोग का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया था। कार्यकाल बढ़ाते समय परिसीमन आयोग का क्षेत्राधिकार केवल जम्मू और कश्मीर के लिए ही रखा गया।

## सुब्रत रॉय के रवैये से पटना हाई कोर्ट नाराज, हर हाल में 16 को पेश करने के आदेश

**-कोर्ट ने बिहार और उप्र के डीजीपी के साथ दिल्ली पुलिस कमिश्नर को दी जिम्मेदारी**


**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने बिहार और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक समेत दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया है कि हर हाल में सहारा प्रमुख सुब्रतो राय को 16 मई को साढ़े दस बजे हाई कोर्ट में प्रस्तुत करें। न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ ने सहारा इंडिया की विभिन्न स्कीमों में उपभोक्ताओं के जमा किये गए पैसे का भुगतान को लेकर दायर की गई दो हजार से ज्यादा हस्तक्षेप याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। इससे पहले कोर्ट ने 27 अप्रैल और 12 अप्रैल को सुनवाई करते हुए सहारा प्रमुख सुब्रतो रॉय को 12 मई को हाई कोर्ट में




उपस्थित होकर यह बताने का निर्देश दिया था कि बिहार के निवेशकों का सहारा के विभिन्न कंपनियों में जमा किये गए पैसों का भुगतान इन कंपनियों की ओर से कैसे और कब तक किया जाएगा। सुब्रतो रॉय की ओर से अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा की समस्या को लेकर हाई कोर्ट में तीन याचिकाएं दायर की गई, जिसे कोर्ट ने मानने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद सुब्रतो रॉय कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने कहा कि रॉय ने स्वास्थ्य और सुरक्षा का हवाला देकर कोर्ट में उपस्थिति से छूट देने का जो आवेदन दिया है वह स्वीकार करने योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि रॉय का उपस्थित नहीं होना यह प्रमाणित करता है कि कोर्ट के आदेश का उनके मन में सम्मान नहीं है। एकलपीठ ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। अदालती आदेश का पालन हर व्यक्ति को करना चाहिए। सहारा की ओर से लगातार वकील बदले जा रहे है, ताकि सुब्रतो रॉय को कुछ राहत मिल सके लेकिन उन्हें अभी तक राहत नहीं मिली है।

## निगम के बुलडोजर कार्रवाई पर उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली निगम के द्वारा दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में की जा रही बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि निगम की सत्ता पर काबिज भाजपा के द्वारा तोड़फोड़ अभियान चलाया जा रहा है, जिसके कारण दिल्ली में लगभग 60 लाख लोगों के बेघर होने का खतरा आ गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1750 अनाधिकृत कॉलोनी है। यह कच्ची कॉलोनी हैं रेगुलर नहीं है और इसलिए इन्हें अनाधिकृत कहा जाता है। इन कच्ची कॉलोनियों में करीब 50 लाख लोग रहते हैं। इस तरह से दिल्ली में लगभग



860 झुग्गी झोपड़ियां है जिनमें 10 लाख लोग रहते हैं। उपमुख्यमंत्री के द्वारा गृह मंत्री अमित शाह को लिखे गए पत्र में कहा कि निगम के सत्ता पर काबिज भाजपा की योजना इन सभी कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने की है। हर रोज किसी न किसी कॉलोनी में भाजपा के नेता बुलडोजर लेकर पहुंचा रहे हैं। इतना ही नहीं भाजपा ने ऑथराइज डीडीए कॉलोनी में भी तीन लाख लोगों को नोटिस दिया है और वहां भी तोड़फोड़ करने वाली है। उपमुख्यमंत्री ने निगम के द्वारा की जा रही बुलडोजर कार्रवाई में गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# 'कांग्रेस ने हमें सब कुछ दिया, अब कर्ज चुकाने का समय': सोनिया गांधी

**उदयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को चिंतिन शिविर को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार कर आरोप लगाया कि उनके न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन (मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस) का मतलब लगातार ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। उन्होंने कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतिन शिविर की शुरूआत के मौके पर पार्टी में बड़े सुधार की बात कर नेताओं का आह्वान किया कि वे विशाल सामूहिक प्रयासों के जरिये पार्टी में नई जान फूंकें क्योंकि अब पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है। उनके संबोधन के बाद कांग्रेस के चिंतन शिविर की शुरूआत हुई। सोनिया गांधी ने कहा, चिंतिन शिविर हमें यह अवसर देता है कि हम देश के सामने खड़ी उन चुनौतियों पर चर्चा करें जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) द्वारा पैदा की गई हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में राष्ट्रीय मुद्दों और संगठन पर बोल्ड चिंतन होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधकर कहा, यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री और उनके साथियों की ओर से न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की जो बात की जाती है, उसका क्या मतलब है? इसका मतलब निरंतर ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब अल्पसंख्यकों को डराना है जबकि अल्पसंख्यक देश के बराबर के नागरिक हैं। इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब राजनीतिक विरोधियों को डराना धमकाना, उन्हें बदनाम करना और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें जेल में डालना है। सोनिया के अनुसार, भाजपा सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब यह है कि इतिहास पर फिर से गौर किया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कमतर किया जाए तथा महात्मा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया जाए। उन्होंने कहा, हमारे महान संगठन की ओर से समय समय पर लचीलेपन की उम्मीद की



जाती रही है। फिर हमसे उम्मीद की जा रही है कि हम अपना समर्थन और साहस की भावना का परिचय दें। सोनिया गांधी ने कहा, हमारे संगठन के समक्ष परिस्थितियां अभूतपूर्व हैं।असाधारण परिस्थितियों का मुकाबला असाधारण तरीके से किया जाता हैड्ड हमें सुधार की सख्त जरूरत है। रणनीति में बदलाव की जरूरत है. रोजाना काम करने के तरीके में परिवर्तन की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं यह भी जोर देकर कहना चाहती हूं कि विशाल सामूहिक प्रयासों से ही हमारा पुनरुत्थान होगा है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं का आह्वान किया, पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है, अब समय है कर्ज उतारने का। हम अपने विचार खुलकर रखें। लेकिन सिर्फ संगठन की मजबूती, दृढ़निश्चय और एकता का संदेश बाहर जाना चाहिए। वहीं गहलोत ने कहा, भाजपा के लिए लोकतंत्र कोई मायने नहीं रखता। इसतरह के फासीवादी लोग धर्म का नाम लेकर सत्ता पर काबिज हो गए। उन्होंने सांप्रदायिक झडपों की हालिया घटनाओं का हवाला देकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधकर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में शांति की अपील करने का नैतिक साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। उनके पास नैतिक साहस नहीं है। गहलोत ने कहा, हम काम करते हैं, मार्केटिंग नहीं करते, लेकिन ये फासीवादी लोग काम कुछ नहीं करते, सिर्फ प्रचार करते हैं। मौजूदा वक्त में देश अलग हालातों में राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार से कांग्रेस का चिंतन शिविर शुरू हो गया है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने उद्घघाटन भाषण में कहा कि यह हमारे आने वाले कई कार्यों पर विचार-विमर्श करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यह चिंतन राष्ट्रीय मुद्दों के बारे में है और साथ ही पार्टी का आत्मचिंतन भी है। सोनिया गांधी ने कहा, मौजूदा वक्त में देश अलग हालातों में है। गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया जा रहा है। मुस्लिमों पर हमले किए जा रहे हैं, इसकारण से संवैधानिक संस्थाओं के सामने बड़ा खतरा पैदा हो गया है। सोनिया ने कहा, संगठन में ढांचागत बदलावों जरुरी है। अभूतपूर्व परिस्थितियों का सामना अभूतपूर्व कदम उठाकर करना होता है। हम यह ही करने जा रहे हैं। संगठन की मजबूती, दृढ़ निश्चय और एकता का संदेश बैठक के बाद बाहर जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मिली नाकामयाबियों से हम बेखबर नहीं है, न ही हम बेखबर हैं, कठिनाइयों के संघर्ष से, जिसका हमें सामना करना है। हम देश की राजनीति में पार्टी को फिर उस भूमिका में ले जाएंगे, जो पार्टी ने हमेशा निभाई है। इन बिगड़ते हालात में देश की जनता हमसे उम्मीद करती है। हम यहां ईमानदारी से आत्मनिरीक्षण कर रहे हैं, लेकिन हम यह तय करें कि यहां से बाहर निकले तब एक नए आत्म विश्वास, नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर निकले। इससे पहले कांग्रेस के चिंतन शिविर के मेजबान के तौर पर राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन राज्यों में चुनाव आने वाले होते हैं, वहीं दंगे होते हैं। उन्होंने कहा कि हम काम बहुत करते हैं, लेकिन कभी मार्केटिंग नहीं करते। गहलोत ने कहा कि ये लोग गुजरात मॉडल जैसी बातें करते हैं, लेकिन काम नहीं करते।

# सम्पादकीय

## भगवान बुद्ध और सनातन दर्शन के अन्तर्सम्बन्ध

भगवान बुद्ध और बौद्ध पंथ के विषय में अनेक विमर्शों के माध्यम से सनातन और बौद्ध दर्शन के बीच मतभिन्नता का अस्तित्व खड़ा किया गया है। इस विमर्श से हटकर एक अलग दृष्टिकोण से भगवान बुद्ध और सनातन दर्शन के अन्तर्सम्बन्धों को देखने का प्रयास करते हैं। भारत देश की विशेषता है, जब-जब समाज धर्माचरण के मार्ग से विचलित हो जाता है, सनातन के शाश्वत सिद्धांतों की समाज को विस्मृति हो जाती है, समय काल परिस्थितिवश सामाजिक व्यवस्था में धर्म का त्रुटिपूर्ण विवेचन होने लगता है इस कारण से विभिन्न प्रकार की जटिल समस्याएँ सामाजिक जीवन में व्याप्त हो जाती है, तब-तब इन व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए उच्चस्तर की चेतना का धरती पर अवतरण होता है। इस प्रकार अवतरित हुई चेतनाओं को ही अपने यहां अवतार कहा गया है। सृष्टि परिचालन की व्यवस्था के बारे में सनातन दृष्टि में ब्रह्मा- सृजन, शिव- विसर्जन और विष्णु पालन का काम करते हैं। जिसके पास व्यवस्थाओं के संचालन का काम होता है उसे ही व्यवस्थाओं में आने वाली गड़बड़ी को ठीक करने का भी दायित्व वहन करना पड़ता है। इसलिए जब भी व्यवस्था तंत्र में किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता होती है उस समस्या की प्रकृति के अनुसार उसे ठीक करने के लिए भगवान विष्णु एक अलग अवतार में विलक्षण दृष्टिकोण के साथ हमारे मध्य उपस्थित होते हैं। भगवान बुद्ध की मूल चेतना को आद्य शंकराचार्यजी ने पहचाना था। इसलिए उन्होंने भगवान बुद्ध को दशावतार में एक अवतार माना है। भगवान बुद्ध की उच्चस्तरीय चेतना को आचार्य शंकर ही पहचान सकते थे। यहाँ हम बौद्ध दर्शन और सनातन परंपराओं के बीच किस प्रकार का संबंध है, उसका विचार करेंगे। भगवान बुद्ध द्वारा प्रवर्तित मार्ग में त्रिरत्न बुद्ध, धर्म और संघ, दिए गए हैं। सनातन में भी तीन योगों का प्रावधान है- कर्म योग, भक्ति योग एवं ज्ञान योग। बुद्ध दर्शन में चार आर्य सत्य हैं। आर्य सनातन परंपरा का गुणवाचक विशेषण है। सनातन में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चार पुरुषार्थ हैं। बुद्ध दर्शन में पंचशील है-1.झूठ न बोलना 2. हिंसा न करना 3. चोरी न करना 4. व्यभिचार न करना 5. नशा न करना। सनातन परंपरा में पाँच यम है- सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य अपरिग्रह। भगवान बुद्ध ने अष्टांग मार्ग सम्यक्दृष्टि, सम्यक, सम्यक्वचन, सम्यक्कर्म, सम्यकआजीविका, सम्यक्व्यायाम, सम्यक्स्मृति और सम्यक्समाधि का प्रवर्तन किया । सनातन परंपरा में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि अष्टांग योग के माध्यम से सत्य को जानने का मार्ग बतलाया गया है। दोनों मार्गों का लक्ष्य समाधि ही है। सनातन परंपरा में साधना के लिए चार साधन चतुष्टय- नित्यानित्यवस्तुविवेक,वैराग्य, षट्सम्पत्ति का अर्जन तथा मुमुक्षता और छः संपत्ति - शम,दम,श्रद्धा,समाधान,उपरति और तितिक्षा कुल दस बातों का साधक में होना जरूरी बताया गया है तो बौद्ध दर्शन में दस परिमिताएं - दान,शील,नैष्क्रम्य, प्रज्ञा, वीर्य, शांति, सत्य, अधिष्ठान, मैत्री और उपेक्षा को आवश्यक बताया गया है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में कभी वेदों का विरोध नहीं किया लेकिन उस समय वे लोग जो वेदों का त्रुटिपूर्ण प्रतिपादन कर मनमाने कर्म जैसे हिंसा तथा पशुबलि जैसी कुप्रथा मे लिप्त हो गए थे उनका विरोध किया था। भगवान बुद्ध की संकलित वाणी सुत्तनपात 292 में लिखा- विद्वा च वेदेहि समेच्च च धम्मं, न उच्चावचं गच्छति भूपरिपझ्ञे। इसका अर्थ पं. धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड अपने ग्रन्थ वेदों का यथार्थ स्वरूप में करते हैं- जो विद्वान वेदों द्वारा धर्म का ज्ञान प्राप्त करता है। उसकी ऐसी डांवाडोल अवस्था नहीं होती। धम्मपीति सुखं सेति विप्पसन्नेन चेतसा। अरियप्पवेदिते धम्मे सदा रमति पण्डितो।। (धम्मपद पृ. 114-15) अर्थात धर्म में आनन्द मानने वाला पुरुष अत्यन्त प्रसन्नचित्त से सुखपूर्वक सोता है। पण्डितजन सदा आर्योपदिष्ट धर्म में रत रहते हैं। न जटाहि न गोत्तेन न जच्चा होति ब्राह्मणो। यम्हि सच्चं च धम्मो च सो सुची सो च ब्राह्मणो।। (धम्मपद पृ. 140-141) अर्थात न जन्म के कारण, न गोत्र के कारण, न जटा धारण के कारण ही कोई ब्राह्मण होता है। जिसमें सत्य है, जिसमें धर्म है, वही पवित्र है और वही ब्राह्मण है। भगवान बुद्ध ने विपश्यना नामक साधना की तकनीक को वेदों से ही प्राप्त कर पुनः प्रतिस्थापित किया और उसके माध्यम से साधना कर बुद्धत्व को प्राप्त हुए। अखिल सृष्टि के सत्य स्वरूप का वर्णन करते हुए बुद्ध कहते हैं-"सब्बो पज्जलितो लोको,सब्बो लोको पकंपितो" अर्थात मुझे सृष्टि का माया से अनावृत सत्य स्वरूप ये दिखा की सारा लोक पज्जलित यानी प्रकाश के स्वरूप में है और सर्वत्र मात्र पकंपन यानि केवल तरंगे ही तरंगे है। इस सृष्टि का वास्तविक स्वरूप प्रकाश और तरंगे मात्र है।

## सूचना के अधिकार कानून से बाहर हो सेना



लेखक-आर.के. सिन्हा /ईएमएस



जरा एक बात पर गौर करें कि सूचना के अधिकार की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ खास तत्वों में उत्सुकता किसलिए हो सकती है? क्या सेना के कामकाज की जानकारियां सार्वजनिक करनी चाहिए? सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत सेना की विभिन्न इकाइयों, एजेंसियों तथा छावनियों से मांगने वाले कौन लोग हैं? ये तमाम सवाल इसलिए अहम हो जाते हैं क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी दिलचस्पी लेने लगे हैं। इन सब वजहों से सेना का तंत्र भी चौकन्ना हो गया। वह सारी स्थिति पर नजर रख रहा है। उसकी तरफ से हाल ही में यह भी मांग हुई है कि सेना को आरटीआई कानून से बाहर रखा जाए। ये मांग सच में बहुत ही सार्थक है तथा संकेत दे रही कि मामला कितना गंभीर है। पिछली 28 अप्रैल को केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले हुई थी। सेना की तरफ से उपर्युक्त मांग को लेकर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस पर सरकार को देश की आंतरिक सुरक्षा तथा सेना के कामकाज को गुप्त रखने के अधिकार के आलोक में निर्णय लेना होगा। निश्चय ही देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन जनता को यह अधिकार तो कतई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। जाहिर है, ये सब वे शातिर लोग करते हैं जिनके इरादे नेक नहीं होते। ये कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छिपे कुछ गद्दारों से लेकर कुछ तथाकथित पत्रकार आदि शामिल हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है। इसलिए यह जायज मांग तो ये भी हो रही है कि इंटेलिजेंस ब्यूरों, रॉ, नेशनल सिक्युरिटी गाड्र्स (एनएसजी), सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय सुरक्षा बल पुलिस जैसे कुछ और सरकारी विभागों को आरटीआई के दायरे से बाहर कर दिया जाए या फिर यहां से सूचनाएं प्राप्त करने की सीमा तय कर दी जायें। मतलब सिर्फ इन विभागों से जुड़े रहे मुलाजिम इनसे अपनी पेंशन और नौकरी संबंधी जानकारियां आदि ले लें। आपको याद ही होगा कि पिछले साल चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे ह्यऑफिशियल सीक्रेट एक्टह्न (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। दरअसल एक बेहद शानदार कानून का कुछ शातिर तत्व दुरुपयोग करने लगे हैं। इसलिए ही देश के उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर, 2019 को कहा था कि ह्यआरटीआई का दुरुपयोग रोकने और इसके माध्यम से ह्यआपराधिक धमकीह्न पर रोकथाम के लिए सूचना का अधिकार कानून के लिए दिशा-निर्देश बनाने की जरूरत है।ह्न तब प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति बीआर गवई तथा न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा था, हम आरटीआई कानून के खिलाफ नहीं हैं लेकिन हमें लगता है कि इसके नियमन के लिए किसी प्रकार के दिशा-निर्देश बनाना जरूरी है। पीठ ने कहा, कुछ लोग आरटीआई दाखिल करने के विषय से किसी तरह संबंधित नहीं होते। यह कई बार आपराधिक धमकी की तरह होता है, जिसे ब्लैकमेल भी कहा जा सकता है। देखिए, यह सरकार को तो पता ही है कि आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़-सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। मुझे केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के एक अधिकारी बता रहे थे कि उनके विभाग से हर साल दर्जनों आरटीआई में यही पूछा जाता है कि गांधीजी को सबसे पहले महात्मा किसने बोला? संस्कृति मंत्रालय के अधीन ही काम करता है गांधी स्मृति और दर्शन समिति। यानी फिजूल की आरटीआई के तहत पूछे गए सवालों के जवाब देने में सरकारी बाबुओं का बहुत-सा वक्त गुजर जाता है। यहां पर मामला सेना और उन सरकारी विभागों से जुड़ा है जिनके ऊपर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। ये देश के अति संवेदनशील तथा जरूरी विभाग हैं। भारत के अंदर तथा बाहर शत्रुओं की कोई कमी नहीं है। भारत को लगातार चीन तथा पाकिस्तान का मुकाबला करना पड़ता है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि भारतीय सैनिक चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर डटे हुए हैं। जनरल ने कहा कि सीमा विवाद को लेकर चीन की मंशा स्पष्ट नहीं है। अब उसी भारत के दुश्मन नंबर एक चीन के लिए कुछ जयचंद भी हमारे देश के अन्दर काम करते हैं। उनका भी देश को कायदे से इलाज करना होगा। इसके साथ ही सरकार को सेना से जुड़ी कोई भी जानकारी आरटीआई के माध्यम से देने से पहले सोचना होगा कि कहीं देश की सुरक्षा से संबंधित जानकारी तो किसी राष्ट्र विरोधी तत्व को नहीं दी जा रही है। इस तरह के आरटीआई पूछने वालों के व्यक्तिगत चरित्र और पृष्ठभूमि की भी जांच जरूरी है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## आज का कार्टून।




## राष्ट्रद्रोह कानून बीती बात



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रद्रोह कानून की धारा 124 ए पर रोक लगा दी है। शीर्ष कोर्ट ने इसके तहत दायर सभी लंबित मामलों पर भी रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने कानून पर केंद्र सरकार को पुनर्विचार का निर्देश दिया है। साफ कहा है कि इस धारा के तहत अब कोई नया केस दर्ज नहीं होगा और इसके तहत जेल में बंद लोग कोर्ट से जमानत मांग सकेंगे। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र व राज्यों को भादवि की धारा 124 ए के पुनरीक्षण की इजाजत देते हुए कहा कि जब यह काम पूरा न हो, कोई नया केस इस धारा में दर्ज नहीं किया जाए। इससे पहले राष्ट्रद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र का पक्ष रखा। अपनी दलीलें पेश करते हुए उन्होंने कहा कि एक संज्ञेय अपराध को दर्ज करने से रोकना सही नहीं होगा। हर केस की गंभीरता अलग होती है। किसी मामले का आतंकी कनेक्शन तो किसी का मनी लॉन्ड्रिंग कनेक्शन हो सकता है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा था कि वह देशद्रोह के लंबित मामलों को लेकर 24 घंटे में अपना मत स्पष्ट करे। कोर्ट ने पहले से दर्ज ऐसे मामलों में नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए औपनिवेशिक युग के इस कानून के तहत नए मामले दर्ज नहीं करने पर भी अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था। वर्ष 2014 से 2019 के बीच देश में इस विवादित कानून के तहत कुल 326 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से केवल छह लोगों को दोषी ठहराया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कुल 326 मामलों में से सबसे ज्यादा 54 मामले असम में दर्ज किए गए थे। हालांकि, 2014 से 2019 के बीच एक भी मामले में दोष सिद्ध नहीं हुआ था। लंबे समय से कहा जा रहा है और सुप्रीम कोर्ट भी अपनी टिप्पणियों में जता चुका है कि औपनिवेशिक काल के इस कानून को अब जारी रखने का कोई तुक नहीं है। बावजूद इसके, किसी न किसी कारण से यह मामला टलता रहा है। जहां जिस पार्टी की सरकार है, वही विरोधियों का मुंह बंद करने के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। असल में यह कानून है भी ऐसा कि इसे इस मकसद से इस्तेमाल करने में कोई अड़चन नहीं आती। आईपीसी की धारा 124-ए उन शब्दों और कार्यों के लिए तीन साल से लेकर आजीवन कैद तक की सजा का प्रावधान करती है जो सरकार के खिलाफ नफरत, अवमानना और विद्रोह भड़काने का प्रयास करते हों। एक तो नफरत, अवमानना और विद्रोह जैसे शब्द काफी व्यापक अर्थ रखते हैं। सो, किसी भी तरह के भाषण को इसके अंतर्गत डाला जा सकता है। अगर अंग्रेजी शासन का संदर्भ याद रखते हुए देखें तो तत्कालीन सरकार के लिए यह कानून बड़े काम की चीज था। अपने लेखों और भाषणों में अंग्रेज सरकार की तीखी आलोचना के अलावा स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ कोई और मामला बनाना मुश्किल था। सो, अंग्रेजी सरकार इसी कानून के सहारे आजादी के योद्धाओं को लंबी अवधि के लिए जेल भेज दिया करती थी। मगर आज हमारा राजनीतिक और सामाजिक परिवेश पूरी तरह से बदल चुका है। देश अपनी आजादी की 75वीं सालगिरह मनाने जा रहा है। ऐसे में, इस कानून का भला क्या औचित्य है? यह सवाल विभिन्न प्रकार की जनहित याचिकाओं में सर्वोच्च अदालत के सामने उठाए गए हैं। इसकी वजह थी पिछले कई वर्षों से इस कानून का हो रहा दुरुपयोग। न सिर्फ राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने और उनको परेशान करने के लिए, बल्कि आलोचना के स्वर को शांत करने के लिए भी इसका जमकर इस्तेमाल हो रहा है। आलम यह है कि अगर कोई व्यक्ति हनुमान चालीसा का पाठ करने जा रहा हो, तो उसके ऊपर भी देशद्रोह कानून लगा दिया जाता है, जिसका न कोई औचित्य है और न धारा 124 (ए) का कोई प्रावधान उस पर लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट इस कानून के दुरुपयोग को लेकर ही चिंतित था। 2021 में भी उसने एक सुनवाई के दौरान सरकार से इसको निरस्त करने को कहा था।

## श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है? उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन? क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है? महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो? इस पर कीड़े ने कहा-अरे! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता? महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

## प्रसंगतः रचना का सम्मान

यह उस समय की बात है, जब विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने लेखन की शुरुआत ही की थी। उन दिनों कई बार तो उनकी रचनाएं पत्र-पत्रिकाओं से लौटा दी जाती थीं और प्रकाशित होने पर भी उन्हें दूसरे लेखकों की तुलना में कम पारिश्रमिक मिलता था। इसी संकोच के कारण कई बार तो वह कहानी लिख कर भी छपने के लिए कहीं नहीं भेजते थे। एक बार उन्होंने अपनी 'स्वामी' शीर्षक रचना उस समय की चर्चित पत्रिका 'नारायणा' में छपने के लिए भेजी। पत्रिका के संपादकों को यह रचना इतनी पसंद आई कि दूसरे ही दिन वह पत्रिका के पहले पेज पर छाप दी गई। उस समय नारायणा में प्रकाशित एक कहानी या लेख का पारिश्रमिक कम से कम पचास रुपये हुआ करता था। लेकिन कई बार इससे ज्यादा पारिश्रमिक भी दिया जाता था। इसका निर्णय रचना का स्तर और लेखक की प्रतिष्ठा को देखकर संपादकगण करते थे। लेकिन शरतचंद्र की इस रचना के बारे में संपादक मंडल कोई निर्णय नहीं ले सका। यह तय हुआ कि इसका फैसला शरतचंद्र जी स्वयं करें। दो दिनों के बाद उनके पास पत्रिका के कार्यालय से एक कर्मचारी आया और उन्हें प्रधान संपादक की एक चिट्ठी सौंपी। चिट्ठी के साथ एक हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक भी था। पत्र में लिखा था, 'हस्ताक्षर करके खाली चेक आप को भेज रहा हूं। एक महान लेखक की इस महान रचना के लिए मुझे बड़ी से बड़ी रकम लिखने में भी संकोच हो रहा है। इसलिए कृपा करके खाली चेक में स्वयं ही अपना पारिश्रमिक डाल लें। मैं आप का आभारी रहूंगा।' शरतचंद ने पत्र पढ़ा। फिर राशि की जगह केवल 75 रुपये भरकर प्रधान संपादक को पत्र लिखा, 'मान्यवर, आप ने मुझे जो सम्मान दिया है उसका कोई मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। आप का यह पत्र मेरे लिए बेशकीमती है। यही मेरा सम्मान है।' उनका पत्र पढ़कर संपादकगण बेहद प्रभावित हुए। इसके बाद शरतचंद्र की कई महत्वपूर्ण रचनाएं प्रकाशित हुईं और उन्हें अपार लोकप्रियता मिली।

## श्रीलंका संकट में क्यों फंसा, भारत के लिए भी सबक



लेखक- विक्रम उपाध्याय / ईएमएस)

श्रीलंका में जो हो रहा है, भयावह है। केवल वहां के नागरिकों के लिए यह महा विपत्ति काल नहीं है, बल्कि हमारे लिए भी एक सबक है। किसी देश में जब घनघोर परिवारवाद हो, सत्ता में आने या बने रहने के लिए अर्थव्यवस्था के नियमों को ताक पर रखकर सिर्फ लोकलुभावन नीतियां बनें, जब राष्ट्रीय सुरक्षा को ताक पर रखकर सत्ता में बैठे लोग अपने हितों की चिंता करें और जो शासक दुश्मन और दोस्त में फर्क ना समझ पाए तो वह श्रीलंका हो जाता है। भारत के दक्षिणी छोर पर बसे द्वीप श्रीलंका के सामने ईंधन, भोजन, दवा, घर की अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं का संकट है। पेट्रोल-डीजल मिल नहीं रहे। पेट्रोल पंपों पर सेना तैनात कर दी गई है। 13 घंटे की लंबी बिजली कटौती हो रही है, सार्वजनिक परिवहन समय से चल नहीं रहे हैं। त्यागपत्र दे चुके, प्रधानमंत्री अपनी जान बचाने के लिए श्रीलंका नेवी के बंकर में छुपे हुए हैं। पूरे श्रीलंका में व्यापक सामाजिक अशांति फैली हुई है। श्रीलंका की समस्या बहुत गहरी है और इसका हल फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। आखिर श्रीलंका इस बुरी स्थिति में पहुंचा कैसे। यह संकट रातों रात वहीं नहीं उत्पन्न हुआ। पिछले तीन साल से श्रीलंका आर्थिक संकट की ओर लगातार बढ़ता आ रहा था, लेकिन समय पर स्थिति संभालने के बजाय मौजूदा शासकों ने इसे गटर में जाने दिया। पर्यटन उद्योग पर मुख्य रूप से आश्रित श्रीलंका को यह मालूम था कि कोविड 19 के बाद दुनिया बंद कर दी गई है, इसलिए जरूरी था कि वह अपनी आय के अन्य स्त्रोतों पर काम करे, लेकिन श्रीलंका ने काम के बजाय कर्ज का रास्ता, वह भी मुख्य रूप से चीन से कर्ज के रास्ते को चुना। श्रीलंका के आय के स्त्रोत खत्म हो रहे थे और कर्जों पर ब्याज एवं आयात के खर्च बढ़ रहे थे। देश का विदेशी मुद्रा भंडार खाली होता गया और जरूरी सामान के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा मिलना बंद होने लगा। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2019 के अंत में 7.9 अरब डॉलर था जो मार्च 2022 में घटकर 1.9 अरब डॉलर रह गया। केवल दो ढाई वर्षों में ही लगभग 70% विदेशी मुद्रा भंडार घट गया। जबकि श्रीलंका की देनदारी बहुत ज्यादा है। इसी साल यानी 2022 में ही श्रीलंका को विदेशी कर्ज के मद में 4 अरब डॉलर लौटाने हैं। एक अरब डॉलर उसे सोवरिन बांड के पुनर्भुगतान के रूप में लौटाना है। अंग्रेजी एजेंसी ब्लूमबर्ग के अनुसार इस साल श्रीलंका की कुल विदेशी मुद्रा में देनदारी 8.4 अरब डॉलर की है। जाहिर है श्रीलंका इसमें विफल रहेगा और आने वाले महीनों में स्थिति और खराब होने की आशंका रहेगी। समाज में और अराजकता फैल सकती है जब देश को आवश्यक वस्तुओं का और अधिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

**ये तो ताजा स्थिति है, लेकिन इस स्थिति तक श्रीलंका पहुंचा कैसे?**

विशेषज्ञ बताते हैं कि इसके लिए सीधे-सीधे राजपक्षे परिवार जिम्मेदार है। श्रीलंका में पिछला चुनाव नवंबर 2019 में हुआ था। उस चुनाव में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे चुनाव जीत गए। जीतते ही उन्होंने पहले से खस्ताहाल में चल रहे श्रीलंका को आर्थिक संकट से निकालने के बजाय राजस्व हानि वाले फैसले लागू कर दिए। जनता को खुश करने के नाम पर उन्होंने पहले से लागू राष्ट्र-निर्माण कर को पूरी तरह समाप्त कर दिया। वैट दर को भी 15 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत कर दिया। विदहोल्डिंग टैक्स, कैपिटल गेन टैक्स और बैंक डेबिट टैक्स को हटा दिया गया। 2021 में श्रीलंका का कर्ज जीडीपी के मुकाबले 101 प्रतिशत था और बजट घाटा 11.10 प्रतिशत का था। नतीजा कर्ज का बोझ हर रोज बढ़ता गया। अपने निर्यात को बढ़ावा देने के बजाय, अपने भंडार को भरने के लिए श्रीलंका सरकार ने विदेशी धन उधार लिया। नतीजा विदेशी कर्ज तो बढ़ता गया, स्थानीय उद्योग भी नजरंदाज होते चले गए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार श्रीलंका का विदेशी कर्ज 25 अरब डॉलर से भी अधिक है। किसी भी देश का आर्थिक स्तंभ वहां की खेती होती है। यदि कृषि क्षेत्र अपना प्रदर्शन सुधार लेता है, तो खाद्यान्न समस्या काफी हद तक काबू में रहती है। श्रीलंका में सबसे ज्यादा चाय की खेती होती है, लेकिन वर्तमान सरकार की एक नीति ने चाय की खेती को एकदम से बबार्दी की कगार पर पहुंचा दिया। अचानक अप्रैल 2021 में श्रीलंका की सरकार ने राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा के साथ अनावश्यक प्रयोग करते हुए श्रीलंका को पूर्ण रूप से जैविक खेती करने वाला दुनिया का पहला देश घोषित कर दिया और रासायनिक उर्वरकों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। यह एक विनाशकारी कदम साबित हुआ। खेती बुरी तरह प्रभावित हुई और देश में खाद्य मुद्रास्फीति काफी बढ़ गई। हालात इतने खराब हो गए कि राजपक्षे सरकार को आर्थिक आपातकाल लगाना पड़ा। बाद में प्रतिबंध वापस लिया गया और भारत एवं चीन से रासायनिक खादों की तत्काल खेप भेजी गई। तब तक श्रीलंका के चाय और रबर के निर्यात को काफी नुकसान पहुंच चुका था। राजपक्षे सरकार ने केवल घरेलू स्तर पर ही नहीं, विदेशी मामलों में भी काफी कमजोर नीतियों को लागू किया। खासकर चीन के साथ दोस्ती बढ़ाने में भारत के हितों के नजरंदाज किया गया। चीन ने श्रीलंका को कर्ज के जाल में फंसा लिया और 2015 में कर्ज ना चुकाने के एवज में श्रीलंका को हंबनटोटा बंदरगाह चीन को 99 वर्षों के लिए लीज पर देना पड़ा। हंबनटोटा बंदरगाह के साथ साथ राजपक्षे हवाई अड्डे के निर्माण के लिए चीन से 2 बिलियन डॉलर से अधिक का कर्ज लिया गया। अब वही राजपक्षे हवाई अड्डा खाली पड़ा है। दूसरी तरफ भारत लगातार श्रीलंका को मानवीय और पड़ोसी धर्म का पालन करते हुए सहायता पहुंचा रहा है। भारत ने एफडीआई के रूप में श्रीलंका को 2005 से 2019 तक लगभग 1.7 बिलियन डॉलर का निवेश किया। चीन और ब्रिटेन के बाद, भारत 2019 में भी श्रीलंका के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत रहा। कई बड़ी भारतीय कंपनियों ने श्रीलंका में निवेश किया है। भारत कोलंबो बंदरगाह को भी काफी कमाई करवाता है। वैश्विक व्यापार में कोलंबो भारत के लिए एक ट्रांस-शिपमेंट हब है। यहां से शिपमेंट कार्गो का साठ प्रतिशत बंदरगाह भारत द्वारा नियंत्रित किया जाता है। और अंत में श्रीलंका के वर्तमान हालात से यह सबक सीखा जा सकता है कि जब सत्ता पर परिवार वाद हावी हो जाता है तो क्या दुष्परिणाम मिलता है।

# हर वर्ग की हितैषी भाजपा, सबसे मजबूत संगठनः राज्यमंत्री कमलेश ढांडा

## रतिया पालिका कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग की हितैषी सरकार है। अपने संगठन और कार्यकर्ताओं के बूते पर आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल समाज के अंतिम छोर पर लाभार्थी का हित सुनिश्चित कर रहे हैं। हमें मिलकर देश, प्रदेश के बाद अब पालिका में भी सरकार बनाकर ट्रिपल ईंजन की रफ्तार से विकास कार्यों को गति देनी है। वे शुक्रवार को रतिया में नगर पालिका कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि रतिया का विकास रतिया की जनता के अनुरूप होना चाहिए और इसके लिए देश, प्रदेश के बाद अब रतिया पालिका में भी भाजपा का चेयरमैन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार कार्यकताओं के बल पर बनती है और भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं से देश में आठ साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा साढ़े सात साल से प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने, तीन तलाक कानून खत्म करने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू होने से देश में राष्ट्रीयता को मजबूत करने की भावना का विस्तार हो रहा है। महिलाओं के स्वास्थ्य-सम्मान के लिए उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, किसानों के लिए पीएम समृद्धि योजना, युवाओं और कारोबारियों के लिए उद्यमिता योजना, देश को डिजिटल इंडिया बनाने के संकल्प पर आज हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, भाजपा जिलाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह ग्रोहा, जिला प्रभारी एवं मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कैथल प्रभारी वेद फुल्लां, पूर्व विधायक एवं प्रदेश सचिव प्रोफेसर रविन्द्र बलियाला ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजपाल बेनीवाल, जिला महामंत्री जगदीश शर्मा, गौसेवा आयोग उपाध्यक्ष विद्यासागर, जिला सचिव जोनी खट्टर आदि मौजूद रहे।

# हालुवास के दीपक ने लंबी कूद में लगाई एशियन क्वालिफाई की छलांग

**भिवानी, (हि.स.)।** भिवानी जिले के गांव हालुवास के दीपक ने हाल ही में इटली में संपन्न हुई ग्रैंड 6 इटालियन पैरा चैंपियनशिप के लंबी कूद मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान बनाया है। दीपक ने गोल्ड जीतने के साथ ही एशियन क्वालिफाई की छलांग लगाई है। दीपक का गांव हालुवास पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। दीपक के पिता कृष्ण कुमार गांव में ही सब्जी बेचते हैं, जबकि तीन भाईयों में बड़ा दीपक खेल जगत में नए कीर्तिमान बनाने में लगा है। गांव हालुवास निवासी सहायक प्रोफेसर राकेश वर्मा ने बताया कि दीपक ने कुछ दिन पहले भी नेशनल में एक ही माह के दौरान दो गोल्ड मेडल जीतकर नया कीर्तिमान बनाया था। 6 से 8 मई तक इटली में चली इटालियन पैरा चैंपियनशिप में भी दीपक ने लंबी कूद में गोल्ड मेडल जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। दीपक अहमदाबाद के गांधी नगर में कोच सुनील तंवर की निगरानी में खेल अभ्यास निखार रहा है। उसके दो छोटे भाई राहुल और मनोज ग्रेर्जुएशन व बारहवीं की पढ़ाई कर रहे हैं। माता सुदेश देवी गृहणी हैं, जबकि पिता कृष्ण कुमार गांव में ही सब्जी की रेहड़ी लगाता है। दीपक का गांव पहुंचने पर ग्रामीण रोहताश, रामपाल, हरनंद सिंह, आशीष, सन्नी ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि दीपक गांव का होनहार खिलाड़ी है, जिसने गांव की पहचान अंतर राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई है। दीपक ने अपनी जीत का श्रेय माता पिता व कोच को दिया है। उसने बताया कि उसने एशियन क्वालिफाई भी किया है। अब वह एशियन खेलों में भी देश की झोली में मेडल डालेगा, इसके लिए अहमदाबाद गांधी नगर में वह खेल अभ्यास को और अधिक निखारने में लगा है। ग्रामीणों को भी इस खिलाड़ी से भविष्य की अंतर राष्ट्रीय खेल स्पधाओं में पदक की उम्मीद है।

## समय पुराना था

तन ढँकने को कपड़े न थे,
फिर भी लोग तन ढँकने का
प्रयास करते थे ...!
आज कपड़ों के भंडार हैं,
फिर भी तन दिखाने का
प्रयास करते हैं
**समाज सभ्य जो हो गया हैं ।**
**समय पुराना था,**
आवागमन के साधन कम थे।
फिर भी लोग परिजनों से
मिला करते थे ...!
आज आवागमन के
साधनों की भरमार है।
फिर भी लोग न मिलने के
बहाने बनाते हैं ।
**समाज सभ्य जो हो गया हैं ।**
**समय पुराना था,**
घर की बेटी,
पूरे गाँव की बेटी होती थी।
आज की बेटी पड़ोसी से ही
असुरक्षित हैं ...!
**समाज सभ्य जो हो गया हैं !**
**समय पुराना था,**
लोग नगर-मोहल्ले के बुजुर्गों
का हालचाल पूछते थे ...!
आज माँ-बाप तक को
वृद्धाश्रम में डाल देते हैं ।
**समाज सभ्य जो हो गया हैं ।**
**समय पुराना था,**
खिलौनों की कमी थी ।
फिर भी मोहल्ले भर के बच्चों
के साथ खेला करते थे ...!
आज खिलौनों की भरमार है,
पर बच्चे मोबाइल की जकड़
में बंद हैं ...!!
**समाज सभ्य जो हो गया हैं ।**
**समय पुराना था,**
गली-मोहल्ले के पशुओं
तक को रोटी दी जाती थी ...!
आज पड़ोसी के बच्चे भी
भूखे सो जाते हैं ...!!
**समाज सभ्य जो हो गया हैं ।**
**समय पुराना था,**
पड़ोसी के घर मे आए
रिश्तेदार का भी पूरा
परिचय पूछ लेते थे ...!
आज तो पड़ोसी का नाम
तक नहीं जानते ...!!
**समाज सभ्य जो हो गया हैं ।**
**वाह रे आधुनिक एवं सभ्य समाज**
**संकलनः बेनू सेठी**

# नहरी पानी चोरी पर अंकुश को पुलिस करेगी गश्तः रणबीर गंगवा

**-नलवा हलके के विभिन्न गांवों में विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण**



**हिसार, (हि.स.)।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा है कि नहरी पानी की चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी नहरों/रजबाहों पर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा करने से किसानों को उनकी टेल पर पानी उपलब्ध हो सकेगा। वे शुक्रवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव मुकलान, भेरियां, चौधरीवास, गोरछी, गावड़, बासड़ा व सरसाना में ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। नहरों/रजबाहों की टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि सिंचाई के साथ-साथ जलघरों में भी पानी की आपूर्ति की जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत गांव मुकलान में 67.65 लाख रुपये, भेरियां में 40.65 लाख रुपये, चौधरीवास में 167.70 लाख रुपये, गौरछी में 33.65 लाख रुपये, गावड़ में 131.25 लाख रुपये, बासड़ा में 41.80 लाख रुपये तथा सरसाना में 128.42 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी।

डिप्टी स्पीकर ने बताया कि उक्त धनराशि से संबंधित गावों में जल घरों की मरम्मत, नई पाईप लाइन बिछाने के साथ-साथ विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे ताकि ग्रामीणों को पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने गांव चौधरीवास में मनरेगा स्कीम के तहत चिड़ौद रेलवे स्टेशन पीडब्ल्यूडी रोड से देवसर माईनर फीडर हैड तक 24 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आईपीबी रास्ते का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, हिसार एसडीएम अश्वीर नैन, एसडीओ पंचायती राज विजय कातियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी इंद्रा यादव, जिला कल्याण अधिकारी सीमा रानी, रामचंद्र गंगवा, रविंद्र रॉकी, रामदेव आर्य, सुंदर सिंह नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने शहरभर का कूड़ा नगर परिषद में

**डालाभिवानी, (हि.स.)।** भिवानी नगर परिषद के कर्मचारियों को तनख्वाह ना देने के विरोध में शुक्रवार को नगर परिषद कर्मचारियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शहर से कूड़ा तो उठाया, लेकिन बाद में उसे नगर परिषद के कार्यालय में ही फेंक दिया। उनका कहना था कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें दो माह से वेतन नही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये महीने बच्चो के स्कूलों के दाखिले का समय होता है बिना तनख्वाह के वे कैसे अपने बच्चो के दाखिले करवा पाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि नगर परिषद में 160 कच्चे कर्मचारी 143 पक्के कर्मचारी 60 कार्यालय के कर्मचारी है, जिन्हें पिछले 2 महीने से वेतन नही दिया जा रहा है। जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी तनख्वाह ना मिलने के कारण अपने बच्चो के दाखिले तक नही करवा पा रहे है। एक तरफ तो सरकार नारे देती है कि स्कूलो में बच्चो को जरूर भेजे ऐसे में बिना पैसों के वे कैसे दाखिले करवाये। नगर परिषद यूनियन के प्रधान पुरुषोत्तम दानव ने बताया कि तनख्वाह ना मिलने की वजह से घर जा सारा बजट बिगड़ जाता है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनका वेतन नही मिल रहा है।

# लिंक पर क्लिक करते ही कट गए 80 हजार 870 रुपये

**सोनीपत, (हि.स.)।** साइबर ठगों ने नया फंडा अपनाया है लिंक भेज कर छोटी सी रकम मांगते हैं और खाता साफ कर लेते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बैंगलुरू निवासी व्यक्ति के कूरियर की डिलिवरी करने पर के बहाने दो बार लिंक भेजकर खाते से 80 हजार 870 रुपये निकाले गए हैं। ठगी का पता लगा पीड़ित ने पुलिस को इसकी जानकारी है। पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज कर साइबर टीम की मदद से ठगों का पता लगाने का प्रयास शुरू कर दिया है। गांव बैंयापुर निवासी विकास ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उनकी बेटी बैंगलुरू से एमबीबीएस का कोर्स कर रही है। उन्होंने 23 अप्रैल को अपनी बेटी के पास कूरियर भेजा था। 26 अप्रैल को एक मोबाइल नंबर से कॉल आई और उसने कहा कि आपका कूरियर डिलिवरी नहीं हो रही है। आपको पांच रुपये भेजने होंगे। कॉल करने वाले ने उसके पास एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही पांच रुपये कट गए। 27 अप्रैल को उसके खाते से 30 हजार 400 रुपये और कट गए।

उसी दिन उसके पास दोबारा से कॉल आई। उसने कहा कि आपका कूरियर अभी भी एक्टिवेट (सक्रिय) नहीं हुआ है। एक बार फिर से लिंक भेजकर पांच रुपये भेजने को कहा। उन्होंने लिंक पर जब क्लिक किया तो उनके खाते से 50 हजार 470 रुपये कट गए। उसे अहसास हुआ कि उसके ठगी हुई है। इसकी शिकायत सदर थाना पुलिस व साइबर सेल को दी। साइबर सेल ने जांच के बाद मामला दर्ज करने को उसकी शिकायत सदर थाना पुलिस को भेजी। जिस पर अब सदर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# एजुकेशन वॉलंटियर्स बोले, हमें भी कौशल रोजगार निगम में लें

**-गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को सौंपा ज्ञापन**
**-विधायक सुधीर सिंगला ने सरकार से पैरवी करने का दिया आश्वासन**



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** शुक्रवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला से एजुकेशन वॉलंटियर्स ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उन्हें कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए, ताकि उनका रोजगार सुरक्षित हो सके। विधायक सुधीर सिंगला ने उनकी इस मांग को सरकार तक पहुंचाकर पैरवी करने का आश्वासन दिया। एजुकेशन वॉलंटियर्स ने ज्ञापन में कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के समक्ष शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष एजुकेशन वॉलंटियर्स को विभाग द्वारा निर्धारित समय (ज्यादातर 6 या 9 महीने) के लिए किसी भी तरह शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडऩे के लिए लिया जाता है। इस संपूर्ण प्रक्रिया में एक गैर सरकारी संस्था ह्यमन पीपल टू पीपल इंडिया भी शामिल हैं, लेकिन हमारा ज्यादातर कार्य विभाग द्वारा ही संचालित किया जाता है। सरकार पूर्व में घोषणा कर चुकी है कि अब डीसी रेट, ठेकेदारी प्रथा तथा निजी संस्थाओं को सरकारी विभागों से बाहर कर दिया गया है। अब यह सारी प्रक्रियाएं कौशल रोजगार निगम के तहत की जाएंगी। इसलिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अधीन कार्य कर रहे वोकेशनल टीचर्स को भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए। विधायक सुधीर सिंगला ने एजुकेशन वॉलंटियर्स से ज्ञापन लेने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल तक पहुंचाने के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी इस पर चर्चा करेंगे। उन्हें कौशल निगम में सम्मिलित करने की पूरी सिफारिश करेंगे। सभी एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद किया।

# सांझा मोर्चा ने जीएम के समक्ष रखी रोडवेज कर्मियों की लंबित मांगें

**-जीएम ने मांगा 15 दिन का समय, मेडिकल क्लेम बिलों के बजट के लिए आरएसओ जाएंगे मुख्यालय**
**-सांझा मोर्चा ने 15 दिन में समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

**हिसार, (हि.स.)।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की हिसार डिपो कमेटी की महाप्रबंधक के साथ बातचीत हुई। बातचीत में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं संबंधी महाप्रबंधक को सांझा मोर्चा की ओर से दिए गए ज्ञापन व लंबित मांगों बारे विचार-विमर्श किया गया। सांझा मोर्चा नेताओं ने शुक्रवार को बताया कि बातचीत के दौरान महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया है कि कुछ मांगों व समस्याओं का समाधान शीघ्र ही कर दिया जाएगा। इसके अलावा कर्मचारियों के एसीपी के लंबित मामलों के लिए महाप्रबंधक ने 15 दिन का समय मांगा और आश्वासन दिया कि इस दौरान एसीपी मामलों का समाधान कर दिया जाएगा। सांझा मोर्चा नेताओं ने महाप्रबंधक को मेडिकल क्लेम बिलों का बजट न होने संबंधी बताये जाने पर महाप्रबंधक ने आरएसओ को निर्देश दिए कि वे व्यक्तिगत रूप से मुख्यालय जाकर मेडिकल बिलों का बजट लाने का प्रयास करें।

महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के अंदर-अंदर इन बिलों का भुगतान करवा दिया जाएगा। रोडवेज सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि इस संबंध में महाप्रबंधक के आश्वासन बारे डिपो कमेटी समीक्षा करेगी। यदि महाप्रबंधक अपने आश्वासन के अनुसार 15 दिनों में लंबित मांगों व समस्याओं का समाधान नहीं करते हैं तो सांझा मोर्चा आंदोलन की रणनीति तय करेगा। महाप्रबंधक से मिलने व बैठक में हिस्सा लेने वालों में डिपो कमेटी सांझा मोर्चा की ओर से रोडवेज कर्मचारी यूनियन के डिपो प्रधान राजबीर दुहन, हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ से डिपो प्रधान रामसिंह बिश्नोई, सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा रोडवेज वर्कर्ज यूनियन के डिपो प्रधान राजकुमार चौहान, इंटक यूनियन के डिपो प्रधान नरेन्द्र खरड़, आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के डिपो प्रधान अनूप सातरोड, चालक संघ के प्रधान सतीश बामल के अलावा सूरजमल पाबड़ा, अरूण शर्मा, भागीरथ शर्मा, सुभाष ढिल्लो व हनुमान बिश्नोई सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# सशक्त भारत निर्माण में युवा अपनी सकारात्मक सोच से देश को ऊर्जा देंः डॉ राजेश वर्मा

**-राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में हुए कार्यक्रम**
**-विशेष व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**




**हिसार, (हि.स.)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग के सहयोग से राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में इस वर्ष की थीम "सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण" सम्बंधित कार्यक्रम आयोजित किये गए। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता के रूप में आए हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. जगमोहन सिंह, एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा व कार्यक्रम के सह संयोजक मनोज गोस्वामी, पारुल शर्मा, प्रीति, डिंपल रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। राजेश वर्मा ने विकसित हो रही तकनीकी सफलताओं के लिए सतत भविष्य के निर्माण में युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा कि वो अपने नए नए इनोवेटिव विचारों से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर विशेष क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के विभिन्न विभागों की 17 टीमों ने भाग लिया। इसमें फामेर्सी के हितेश व संदीप की टीम ने प्रथम, फामेर्सी के जयदीप व विवेक की टीम ने द्वितीय व कंप्यूटर के सचिन व अरविंद की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ इस वर्ष की थीम पर पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें साक्षी ने प्रथम, विशाल शर्मा ने द्वितीय, प्रियंका व आकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को फामेर्सी के विभागाध्यक्ष डॉ. जगमोहन सिंह, एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



**दिल्ली क्राइम प्रेस हेड ऑफिस में टीम लीडर अनीता सिंह ने बिहार के भागलपुर से आई बबीता और उत्तर प्रदेश ललितपुर से आए अंकित मिश्रा को दिल्ली क्राइम प्रेस के मिशन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।**

# मेयर ने क्रिकेट दिनेश बाना को बनाया स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर

**-अंडर 19 क्रिक्रेट वर्ल्डकप जीतकर हिसार पहुंचे दिनेश बाना का मेयर ने किया स्वागत**
**-खिलाड़ियों के सहयोग से स्वच्छता की अलख शहरवासियों में जगाएगा निगम : मेयर**



**हिसार, (हि.स.)।** अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने के बाद विकेटकीपर दिनेश बाना शुक्रवार को हिसार पहुंचे। हिसार पहुंचने पर अग्रसेन भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेयर गौतम सरदाना ने दिनेश बाना को सम्मानित किया। मेयर ने दिनेश बाना को स्वच्छता का ब्रेड एंबेसडर बनाया। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी भी मौजूद रहे। मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम ने इंगलैड को हराकर अंडर 19 वर्ल्ड कप देश के लिये जीता है। हिसार का क्रिकेट खिलाड़ी दिनेश बाना भी विकेट कीपर बनकर टीम का हिस्सा रहे है। आज दिनेश बाना के हिसार पहुंचने पर स्वागत किया गया और शहरवासियों ने खुशियां बनाई है। युवाओं के खेल के प्रति प्रेरित करने और उनके लिये प्रेरणा बनने वाले क्रिकेट खिलाड़ी को नगर निगम का ब्रांड एंबेसडर आज बनाया गया है जिससे युवाओं के माध्यम से शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूक लाई जा सके। युवा देश का भविष्य होते है और युवाओं में ही बदलाव लाने की ताकत होती है।

# भांडारेज में फ्रैंड्स लाइब्रेरी का किया गया शुभारंभ





भांडारेज में प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य सभी प्रकार की परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए फ्रैंड्स लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामप्रसाद, सीताराम मौर्य, गिर्राज प्रसाद सैनी और विशिष्ट अतिथि, भागचंद निकट पुरी(निदेशक अम्बेडकर जन सेवा समिति), प्रकाश मौर्य जी, फ्रैंड्स लाइब्रेरी की संचालन समिति में कमलेश कुमार, गौरव सिंह (गोवर्धन), दिनेश राठी आदि सम्मिलित हुए। लाइब्रेरी संचालन समिति के पदाधिकारियों के द्वारा अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों ने उपस्थित प्रतियोगी को ज्योतिबा फुले,भारत रत्न डा.बी आर अम्बेडकर और अन्य महापुरुष के विचारों का उल्लेख करते हुए आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और समारोह के अन्त लाइब्रेरी संचालन समिति की तरफ से सभी उपस्थित अतिथियों व लोगों का धन्यवाद करते हुए प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन किया।



**थाना चांदपुर लव सिरोही इंस्पेक्टर को दिल्ली क्राइम प्रेस के रिपोर्टर पवन कुमार रिपोर्टर व रामनाथ सिंह सैनी स्टेट एडवाइजर ने दिल्ली क्राइम प्रेस के बारे में जानकारी दी।**

## यह व्यक्ति नकली कार्ड बना कर लोगों को धोखा दे रहा है। सावधान रहें


(Subscriber's Identity Card)
DELHI CRIME
WA
BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA
(National Hindi Newspaper & Magazine)
Name : SUSHEEL KUMAR
Designation : NEWS SUPPORTER
ID No. : BVC117412
Valid up to : 03/09/2022
Area of Work : All India
DELHI CYBER CRIME
(Licence with Deputy Commissioner of Police Delhi)*

# मस्क ने ट्विटर के 2 प्रबंधकों को दिखाया बाहर का रास्ता

**-सीईओ पराग अग्रवाल के हटाए जाने की भी अटकलें**



**सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)।** दुनिया के सबसे रईसों में शुमार अमेरिकी कारोबारी और टेस्ला कार कंपनी के मालिक एलन मस्क द्वारा ट्विटर की योजनाबद्ध खरीद के बीच कंपनी ने अपने दो शीर्ष प्रबंधकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ट्विटर में महाप्रबंधक पद पर कार्यरत केवोन बेकपोर ने ट्वीट किया कि सीईओ पराग अग्रवाल ने मुझे बताया कि वह टीम को एक अलग दिशा में ले जाना चाहते हैं। इसके बाद मुझसे इस्तीफा देने को कहा गया। वहीं ट्विटर के राजस्व और उत्पाद प्रमुख ब्रूस फाल्क को भी नौकरी से निकाल दिया गया है। उनके ट्विटर बायो में बेरोजगार लिखा है। फाल्क ने ट्वीट करके अपने साथ काम करने वालों का आभार व्यक्त किया है। इससे पहले कंपनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) पराग अग्रवाल के हटाए जाने के भी कयास लगाए जा रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पराग ने ट्विटर के बिकने के बाद कर्मचारियों से कहा था कि मस्क की लीडरशिप में ट्विटर का फ्यूचर अंधकार में है। किसी को नहीं मालूम कि कंपनी अब किस दिशा में जाने वाली है। बता दें कि हाल ही में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर को एलन मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में खरीद लिया था। मस्क ने ट्विटर के हर शेयर के लिए 54.20 डॉलर चुकाए थे। सिक्योरिटी और एक्सचेंज कमीशन में दाखिल किए गए दस्तावेजों से पता चला था कि रिवोकेबल ट्रस्ट के माध्यम से मस्क के पास ट्विटर के 73,486,938 शेयर या 9.2 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# एक सांसद वाली पार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे बने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री



**कोलंबो, (हि.स.)।** श्रीलंका में जारी आर्थिक व राजनीतिक गतिरोध के बीच रानिल विक्रमसिंघे को नया प्रधानमंत्री बनाया गया है। वे पहले भी चार बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। श्रीलंका में भीषण आर्थिक संकट को लेकर हुए जनांदोलन ने राजनीतिक संकट भी पैदा कर दिया है। इसके बाद प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा था। पूरे श्रीलंका में हुई हिंसा के बाद संकट लगातार बना हुआ है। अब चार बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके रानिल विक्रमसिंघे को श्रीलंका का नया प्रधानमंत्री बनाया गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने उन्हें प्रधानमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संसद में विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी के मात्र एक सांसद है। इसके बावजूद अच्छे राजनीतिक प्रशासक की छवि के कारण उन्हें संयुक्त सरकार का प्रधानमंत्री बनाया गया है। इस बीच श्रीलंका की एक अदालत ने महिंदा राजपक्षे और उनकी पार्टी के 12 अन्य नेताओं के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। श्रीलंका में पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद से भड़की हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पूरे देश में इस समय सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। संकट के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले महिंदा राजपक्षे अपने करीबियों पर हमले के मद्देनजर एक नौसेना अड्डे पर सुरक्षा घेरे में हैं।

# स्पेन में हर महीने महिलाओं को दी जाएगी मेंस्टुअल लीव




**मैड्रिड (ईएमएस)।** पीरियड के दौरान महिलाओं को तेज दर्द का सामना करना पड़ता है। जिससे उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को भी प्रभावित होती है। स्पेन पहला ऐसा पश्चिमी देश बनने जा रहा है जो पीरियड के दर्द के चलते महिलाओं को 'मेंस्टुअल लीव' ऑफर करेगा। यह छुट्टी हर महीने तीन दिन की हो सकती है। जानकारी के मुताबिक स्पेन की सरकार इस फैसले पर मोहर लगाने जा रही है। खबर के अनुसार जापान, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया और जाम्बिया जैसे दूसरे देश पहले ही महिलाओं के लिए मेंस्टुअल लीव को मंजूरी दे चुके हैं। कैबिनेट बैठक में पारित होने वाले इस सुधार पैकेज के तहत, स्कूलों को जरूरतमंद लड़कियों के लिए सैनेटरी पैड की व्यवस्था करनी होगी। समानता और लैंगिक हिंसा के खिलाफ स्टेस सेक्रेटरी एंजेला रोड्रिग्ज ने 3 मार्च को इस पैकेज की घोषणा की थी। रोड्रिग्ज द्वारा घोषित पैकेज में मेंस्टुअल हेल्थ और रिप्रोडक्टिविटी हेल्थ की गारंटी शामिल थी। इसमें गर्भपात करवाने वाली महिलाओं के लिए छुट्टी भी शामिल थी। रोड्रिग्ज ने कहा कि मेंस्टुअल हेल्थ को लेकर अधिकारों पर कभी चर्चा नहीं होती और इसका आंकड़ा चौंकाने वाला है। चार में से एक महिला आर्थिक कारणों से वे हाइजीन प्रोडक्ट्स नहीं खरीद पाती जो वह खरीदना चाहती है। इसीलिए हम प्रस्ताव है कि उन्हें शैक्षिक और सामाजिक केंद्रों में ये निशुल्क दिए जाएं। इस मेंस्टुअल लीव का उद्देश्य उन महिलाओं को राहत देना है जिन्हें अक्सर पीरियड के दौरान दर्द का सामना करना पड़ता है।

## आज का इतिहास 14 मई

1702 स्वीडन नरेश चार्ल्स की हत्या हुई.
1921 इटली के चुनावों में फासिस्टों को भारी सफलता मिली.
1948 इजरायल की स्थापना हुई.
1960 एयर इंडिया ने पहली बार न्यूयार्क तक उड़ान भरी.
1963 कुवैत राष्ट्र संघ का 111वाँ सदस्य बना.
1973 अमेरीका ने अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्काईलैब प्रथम का प्रक्षेपण किया.
1976 भारत पाकिस्तान के बीच राजनीतिक संबंध पुन: स्थापित करने के लिए सहमति.
1982 ऑल इंडिया रेडियो का नाम आकाशवाणी रखा गया.
1989 अर्जेन्टीना में पोरोवादी नेता कार्लोस मेनेम को राष्ट्रपति चुनावों में भारी सफलता मिली.
1995 चरारे शरीफ में उग्रवादियों का सफाया करने के बाद सेना ने अपना नियंत्रण स्थापित किया.
1997 सीबीआई ने बोफोर्स तोप सौदे में दलाली की जांच रिपोर्ट सौंपी.
1999 कोसोवा में नाटो के हमले में 97 व्यक्ति मारे गए.
1999 शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गुरुचरणसिंह टोहरा को शिरोमणी अकाली दल से छ: वर्ष के लिये निष्कासित किया गया.
2000 पंजाब परिवहन निगम की एक बस रोपड़ में नहर में गिर जाने से 40 मरे.
2001 तमिलनाडु में सुश्री जयललिता मुख्यमंत्री बनी.
2002 जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में 30 लोग मारे गये.

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख पर मरियम शरीफ की टिप्पणी से भड़की आर्मी




**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की भतीजी और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज द्वारा सेना प्रमुख पर की गई टिप्पणी से पाकिस्तान सेना नाराज हो गई है। मरियम ने कहा कि सेना प्रमुख को एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसकी प्रतिष्ठा बेदाग हो। जिसके बाद पाकिस्तानी सेना ने राजनेताओं को बेबुनियाद बयान देने से बचने की नसीहत दे डाली। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने गुरुवार को कहा कि सेना प्रमुख को एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसकी प्रतिष्ठा बेदाग और जो किसी भी आलोचना या संदेह से मुक्त हो। रिपोर्ट के मुताबिक मरियम ने गुरुवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के बाहर एक संवाददाता सम्मेलन में रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की टिप्पणियों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही है। आसिफ ने कहा था कि आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के नाम पर विचार किया जा सकता है। हाल के दिनों में सिर्फ मरियम ही नहीं पाकिस्तान के कई नेताओं ने आर्मी चीफ के रिटायरमेंट और नए आर्मी चीफ पर अपनी राय रखते हुए टिप्पणियां की हैं। इसके बाद पाक सेना के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि हाल ही में पेशावर कोर कमांडर के बारे में महत्वपूर्ण वरिष्ठ राजनेताओं की अविवेकपूर्ण टिप्पणियां बहुत अनुचित हैं। इस तरह के बयानों से संस्था और उसके नेतृत्व के सम्मान और मनोबल को ठेस पहुंचती है। यह उम्मीद की जाती है कि देश का वरिष्ठ राजनीतिक नेतृत्व संस्थान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने से परहेज करे। मरियम ने इससे पहले जनरल फैज हमीद पर तल्ख टिप्पणी की थी।

फतेह जंग में पिछले हफ्ते एक रैली को संबोधित करते हुए मरियम ने इमरान खान के एक पॉडकास्ट का जिक्र करते हुए जनरल हमीद की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि वे इमरान सरकार की 'आंख और कान' थे, जिनके माध्यम से राजनीतिक विरोधियों का गला घोंट दिया गया था। जनरल फैज हमीद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान के करीब माने जाते रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के प्रमुख के रूप में भी कार्य किया है। इसके बाद उन्हें पेशावर कोर का कमांडर बना दिया गया था। इमरान खान के साथ उनके मधुर संबंधों को देखते हुए तब संभावना जताई गई थी कि उन्हें पाकिस्तान का अगला आर्मी चीफ बनाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के मौजूदा आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा नवंबर में रिटायर हो रहे हैं। 61 साल के जनरल बाजवा को 2016 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया था।

# अफगानिस्तान के रेस्तरां में पति-पत्नी को भी साथ बैठने की अनुमति नहीं

**-तालिबान ने जारी किया नया फरमान**

**काबुल (ईएमएस।** तालिबान राज ने अफगानिस्तान की तस्वीर बदल दी है। तमाम प्रतिबंधों का सामना कर रहीं महिलाओं के रेस्तरां जाने पर भी अब रोक लगा दी गई है। तालिबान ने रेस्तरां में महिलाओं और पुरुषों के एक साथ बैठने पर रोक लगा दी है। आतंकवादी संगठन ने फरमान जारी किया है कि पार्कों में महिलाएं और पुरुष अलग-अलग दिनों में जा सकते हैं। अफगानिस्तान के तीसरे सबसे बड़े शहर हेरात में महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने पर रोक लगा दी गई और उन्हें पूरा शरीर को ढकने को कहा गया है। हेरात में तालिबान की जेल भी मौजूद है, जहां महिलाओं को बिना पुरुष साथी के टैक्सी में बैठने के लिए बिना मुकदमा चलाए कैद किया जाता है। स्कूली छात्राओं को भी अपने पुरुष सहपाठी के साथ तस्वीर खिंचाने की सजा दी जाती है। तालिबान शासन में ऐसे काम अपराध की श्रेणी में आते हैं। अफगानिस्तान में खुलेआम मानवाधिकारों और महिलाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है। तालिबान ने अपने पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार उदारता से शासन करने की बात कही थी, लेकिन अब वह अपने वायदे से मुकर गया है। एक तालिबानी अधिकारी ने नए आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि महिलाओं और पुरुषों को रेस्तरां में अलग-अलग बैठने के लिए कहा गया है। रियाजुल्लाह सीरत ने मीडिया को बताया कि रेस्तरां मालिकों को मौखिक रूप से चेतावनी दी गई है कि 'चाहें वे पति-पत्नी' हों, नियम सभी पर लागू होते हैं। एक अफगान महिला ने बताया कि बुधवार को एक हेरात रेस्तरां में मैनेजर ने उन्हें व उनके पति को अलग-अलग बैठने के लिए कहा। तालिबान के इस फरमान को रेस्तरां मालिक अपने व्यापार के लिए नुकसान के तौर पर देख रहे हैं। तालिबान के अधिकारी ने कहा कि उसके ऑफिस की ओर से जारी आदेश के मुताबिक हेरात के पार्कों में महिलाएं और पुरुष अलग-अलग दिनों पर जाएंगे।

# उत्तर कोरिया भी कोरोना चपेट में आया, 'बुखार' से 6 लोगों की मौत

**-आइसोलेट किए गए 1.87 लाख लोग**



**प्योंगयांग (ईएमएस)।** कोरोना वायरस मुक्त देश उत्तर कोरिया भी अब इसकी गिरफ्त में आ गया है। शुक्रवार तड़के मीडिया के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया में कोविड-19 के कारण बुखार से 6 लोगों की मौत हो गई है। 1 लाख 87 हजार लोगों में बुखार के लक्षण पाए जाने के बाद उन्हें आइसोलेट कर दिया गया है और इलाज किया जा रहा है। इससे पहले गुरुवार को उत्तर कोरिया में कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट का पहला मामला सामने आया था। इसके बाद उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने पूरे देश में लॉकडाउन घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया जिस व्यक्ति में कोरोना की पुष्टि हुई है, वह कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। जांच के बाद सामने आया कि व्यक्ति ओमिक्रॉन वेरिएंट की चपेट में है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि गुरुवार को राजधानी प्योंगयांग में कुछ लोगों का कोविड टेस्ट हुआ। इसमें एक शख्स कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित पाया गया। मरीज को आइसोलेट कर दिया गया है। जरूरी सुरक्षा उपाय बरते जा रहे हैं। देश में अनिश्चितकालीन लॉकडाउन लगा दिया गया है।

महामारी की शुरूआत में जहां तमाम देश कोरोना वायरस से जूझ रहे थे। तब उत्तर कोरिया ने अपने यहां जीरो कोविड केस का चौंकाने वाला दावा किया था। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए उत्तर कोरिया ने खुद पर पाबंदियां लगा ली थीं, जिसके बाद वहां से खाने के सामान की कमी की खबरें आने लगी थीं। जनवरी 2020 में उत्तर कोरिया ने चीन के साथ सटी अपनी सीमा के साथ सभी बॉर्डर लगभग दो साल के लिए बंद कर दिए थे।

उत्तर कोरिया ने बीते साल अप्रैल में विश्व स्वास्थ्य संगठन को बताया था कि उसने उसी महीने 25,986 लोगों का कोविड टेस्ट किया था। इसमें एक भी संक्रमण का मामला नहीं मिला। हालांकि, उत्तर कोरिया के इन दावों पर भरोसा करना मुश्किल है। जानकारों का कहना है कि कड़ी सेंसरशिप के कारण उत्तर कोरिया से सही जानकारी आना नामुमकिन सा प्रतीत होता है।

# फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के ऐलान से भड़के पुतिन, कहा जवाबी कार्रवाई करेंगे

**मास्को (ईएमएस)।** फिनलैंड और स्वीडन के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के ऐलान से अब उत्तरी यूरोप में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे बड़ा खतरा बताते हुए ऐलान किया है कि वह भी जवाबी कदम उठाएगा। इस बीच रूस में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत ने दावा किया है कि फिनलैंड को सबक सिखाने के लिए पुतिन बाल्टिक इलाके में अपनी परमाणु सेना को और ज्यादा मजबूत कर सकते हैं। इससे पहले गुरुवार को फिनलैंड ने ऐलान किया कि वह नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन करेगा। ऐसी अपेक्षा है कि स्वीडन भी जल्द ही फिनलैंड के रास्ते पर चलेगा और नाटो की सदस्यता के लिए आवेदन करेगा। फिनलैंड और स्वीडन के इस कदम से पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो का विस्तार होगा और रूस की सीमा के और करीब तक पहुंच जाएगा। वह भी तब जब पुतिन ने नाटो के रूस की सीमा तक पहुंच को रोकने के लिए यूक्रेन पर हमला किया हुआ है। यूरोप की सुरक्षा में पिछले कई दशक में यह बहुत बड़ा बदलाव होने जा रहा है। फिनलैंड और स्वीडन पूरे शीतयुद्ध के दौरान भी तटस्थ रहे थे लेकिन यूक्रेन की जंग के बाद ये दोनों देश पूरी तरह से पश्चिमी देशों के खेमे में जा रहे हैं। रूस में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत सर टोनी ब्रेंटन ने कहा कि रूस नाटो को अपने खतरे के रूप में और ज्यादा देखने लगेगा। उन्होंने कहा यूक्रेन युद्ध से यह साबित हो गया है कि रूस की परंपरागत सेना वह परिणाम नहीं दे पा रही है, जिसकी पुतिन ने कल्पना की थी। ऐसे में रूस की चिंताएं बहुत स्वाभाविक हैं। इस बीच, नाटो के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि फिनलैंड का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि नाटो में शामिल होने की प्रक्रिया को बहुत सुगम बनाया जाएगा। उधर, अमेरिका ने फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के ऐलान का स्वागत किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय की प्रवक्ता ने कहा है कि हम फिनलैंड या स्वीडन के नाटो में शामिल होने के आवेदन का समर्थन करेंगे।

# इस्लामाबाद में अब बिना घुसे तबाही मचा सकता है ब्रह्मोस मिसाइल से लैस सुखोई

**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ अपनी लंबी दूरी तक मार करने वाली क्षमता में जोरदार इजाफा किया है। भारत ने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के अपग्रेड वर्जन का बंगाल की खाड़ी में गुरुवार को सफल परीक्षण किया गया। यह नई मिसाइल पहले के 290 किमी की अपेक्षा 450 किमी तक मार कर सकती है। यह वही ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल है जिससे पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी डरते हैं और उन्होंने पिछले दिनों खुलकर अपने इस डर को जाहिर किया था। भारत का सुखोई फाइटर जेट बिना हवा में ईंधन भरे 1500 किमी तक मार कर सकता है। इस नई ब्रह्मोस मिसाइल से लैस होने पर यह फाइटर जेट करीब 2 हजार किमी तक मार सकता है। इस तरह से अब भारतीय वायुसेना के पास जमीन और समुद्र में लंबी दूरी तक मार करने की क्षमता हासिल हो गई है। ब्रह्मोस मिसाइल की मदद से दुश्मन के बेहद अहम सैन्य ठिकानों, अंडरग्राउंड परमाणु बंकर, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, समुद्र में एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोतों को बेहद आसानी से तबाह किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल का एक और वेरिएंट भी बनाया जा रहा है जो 800 किमी तक मार कर सकता है। यह मिसाइल आवाज की तीन गुना रफ्तार से हमला करती है। ब्रह्मोस की इसी जोरदार ताकत की वजह से पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी डरते हैं। पिछले दिनों मिराज फाइटर जेट के पाकिस्तानी वायुसेना में 50 साल पूरा होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने कहा था कि भारत ने ब्रह्मोस-2 मिसाइल बनाई है। इस मिसाइल की स्पीड 8.5 मैक है। इसका मतलब आवाज की रफ्तार से 8.5 गुना ज्यादा तेज। ब्रह्मोस मिसाइल मिनट के अंदर पाकिस्तान में प्रवेश कर सकती है। आरिफ अल्वी ने कहा था कि हमें अपने स्वघोषित दुश्मन के खिलाफ डिफेंस को मजबूत बनाने की जरूरत है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने देश की वायुसेना के तारीफ करते हुए कहा कि पाकिस्तानी वायुसेना प्रतिकूल परिस्थितियों में भी किसी भी दुस्साहस के खिलाफ देश की रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीएएफ ने कई बार सीमित संसाधनों के बावजूद विशेष रूप से झगड़ालू पड़ोसी भारत के दुस्साहस का करारा जवाब देते हुए अपनी ताकत साबित की है। पाकिस्तान ने हाल ही में चीन से एयर डिफेंस सिस्टम खरीदा है जो भारत के एस-400 का जवाब माना जा रहा है।

# नकारा पति से परेशान नाराज पत्नी ने उसे काटकर कड़ाही में उबाल डाला

**जरंजनीन (ईएमएस)।** दाम्पत्य में पति-पत्नी के बीच सामंजस्य न हो तो गृहक्लेश जीना दूभर कर देता है। विवाह के दौरान दोनों हर मुसीबत और सुख में एक-दूसरे का साथ देने का वचन देते हैं। लेकिन आमतौर पर देखा गया है कि जोड़ें में पत्नी को ज्यादा समझौता करना पड़ता है। चाहे घर के काम हों या कोई और जिम्मेदारी, महिलाओं को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। कई बार पत्नियां इससे चिढ़ जाती हैं। इस चिढ़ में ही एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी और फिर उसकी बॉडी को काटकर कड़ाही में उबाल दिया। जैसे ही न्यूज सामने आई, सनसनी मच गई। मामला सर्बिया का है। मर्डर की आरोपी टेरेसा के बारे में बताया जा रहा है कि वो अपने आलसी पति से तंग आ गई थी। उसने पहले अपने पति को ड्रग्स देकर बेहोश किया। उसके बाद उसकी हत्या कर दी। इतने से भी उसका मन नहीं भरा तो उसने अपने पति के बॉडी को छोटे-छोटे टुकड़े में काटा और फिर उसे बड़ी सी कड़ाही में उबाल दिया। बताया जा रहा है कि ये घटना सर्बिया के जरंजनीन की है। 10 मई को रात के 9 बजे ये घटना हुई। जिसमें अकेले रात का खाना बनाते हुए चिढ़ी महिला ने अपने पति को मार डाला। टेरेसा ने जब इस मर्डर को अंजाम दिया, उस वक्त उसकी बेटी भी वहीं थी। उसने अपनी मां के खिलाफ गवाही दी है। उसने बताया कि कैसे उसने अपनी आंखों से अपनी मां द्वारा पिता की हत्या करते हुए देखा। बेटी की पहचान डी एल्जे के तौर पर हुई। वो टेरेसा के पहले पति की बेटी है। उसने अपनी आंखों से सौतेले पिता की हत्या को देखा। उसने बताया कि उसके पिता मर्डर के समय नशे में थे। लेकिन इसके बाद भी उन्हें खतरे का अहसास था। वो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे और उसकी मां लगातार चाकू से उनपर वार कर रही थी। टेरेसा ने पुलिस को बताया कि वो अपने पति के आलस से तंग आ गई थी।



पुअर्टो रिको में एक अमेरिकी कोस्टगार्ड हेलीकॉप्टर एक लापता नौका की तलाश करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 14 may 2022:Layout 1 5/13/2022 7:23 PM Page 5



# होम कंस्ट्रक्शन और रेनोवेशन एप कोलो ने 31 करोड़ रुपए जुटाए

:: इसके मोबाइल एप्प को 4.6 स्टार रेटिंग मिली, 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने किया डाउनलोड ::



**इन्दौर (ईएमएस)।** कोलो भारत की प्रमुख होम कंटेंट-कम्युनिटी ने घोषणा की है कि उसने ग्लोबल वीसी फर्म आरटीपी ग्लोबल और मौजूदा निवेशक बैटर कैपिटल से 31 करोड़ रुपये जुटाए हैं। नया निवेश कंपनी के निरंतर विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा, इसके साथ कंज्यूमर साइड प्रोडक्ट ऑफरिंग को बढ़ाकर पूरे भारत मे अपनी उपस्थिति को बढ़ाएगा। इसमें कंटेंट रिकमेंडेशन इंजन, द कम्युनिटी आ-ॅफरिंग, डिजिटल पोर्टफोलियो और प्रोफेशनल्स के लिए टूल्स आदि शामिल है।

ग्वालियर के विवेक मित्तल और इंदौर के आयुष शारदा ने 2020 में इसे स्थापित किया था। संस्थापक टीम में दक्षिण पूर्व एशियाई यूनिकॉर्न गोजेक के टीम में पूर्व-सदस्य जेरी अल्थफ और प्रणव गर्ग भी शामिल हैं। कोलो एक कंटेंटे कम्युनिटी मोबाइल एप है जो घर के मालिकों को अपने सपनों का घर बनाने में मदद करता है साथ ही कंस्ट्रक्शन का काम करने वालों और ब्रांड को डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराने और घर के मालिकों से काम पाने का अवसर प्रदान करने वाला । कुछ ही समय में कंपनी देश में होम कंस्ट्रक्शन सेगमेंट में टॉप ऐप में से एक बन गई है। कोलो के सह-संस्थापक विवेक मित्तल ने कहा कि घर अधिकांश भारतीयों के लिए जीवन भर में एक बार होने वाली खरीदारी होती है, वो अपने घरों के निर्माण में बहुत जुनून के साथ अपनी संपत्ति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा निवेश करते हैं। हालांकि, ज्यादातर मामलों में, वे एक दर्दनाक अनुभव से गुजरते हैं जो गैर-पारदर्शी और आमने-सामने की बातचीत और मैन्युअल प्रक्रियाओं पर निर्भर रहते है। हमारा उद्देश्य टेक्नोलॉजी का उपयोग करके अहम बदलाव लाना है, हम कंटेंट के जरिए लोगों की समस्याओं का हल करना चाहते हैं, इसके लिए हम सभी सूचनाओं को एक स्थान पर ला रहे हैं जिससे की घर के मालिकों, सर्विस प्रोफेशनल्स और बिल्डिंग निर्माण का सामान देने वाले विक्रेताओं की समस्याओं को एक ही स्थान पर हल किया जा सके।

कोलो ऐप घर के मालिकों को डिजाइन व आइडिया को ढूंढने और उनके बारे में अधिक जानकारी जुटाने और पेशेवरों के साथ काम करने की अनुमति देता है ताकि वे अपने आइडिया और प्लान इम्पलीमेंट कर उसे वास्तविक रूप प्रदान कर सकें। कोलो पेशेवरों को एक डिजिटल पोर्टफोलियो बनाने में मदद करता है, अपने काम के वीडियो / फोटो / विशेषज्ञता को घर के मालिकों और अन्य पेशेवरों के साथ साझा करके अपने लिए नए काम के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

स्लाइस, ओपन, रुपेक, टीचमिंट, खाताबुक और अन्य जैसी ब्रेकआउट कंपनियों के शुरूआती समर्थक बैटर कैपिटल के वैभव डोमकुंडवार ने कहा, कोलो ने भारत के विशाल गृह निर्माण बाजार में ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण अपनाया है और कम समय में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। हमने इसमें इसके आईडिया लेवल पर निवेश किया था और कोलो टीम की काम की गुणवत्ता से प्रभावित हुए हैं और इस वजह से हमने अपने निवेश को दोगुना कर दिया है क्योंकि यह इसके लिए पूरी तरह से काबिल हैं। कंपनी ने पिछले फंडरेजर से दस गुना वृद्धि की है। केरल में जो शुरू हुआ वह अब दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विस्तारित किया जा रहा है। आरटीपी ग्लोबल के मधुर मक्कड़ ने कहा, हम मानते हैं कि घर का नवीनीकरण एक लंबी प्रक्रिया है और उपभोक्ता इससे जुड़े निर्णय लेने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। जबकि दूसरी तरफ सर्विस प्रोवाइडर के लिए भविष्य के संभावित गृह स्वामियों को अपना काम दिखाना मुश्किल हो गया है। कोलो इस समस्या को अपने कंटेंट टू कॉमर्स मॉडल के जरिए हल करता है। बाजार की जरूरत के साथ-साथ संस्थापकों की दूरदर्शिता और काम करने के तरीके के कारण हमें कोलो में निवेश करने का फैसला लेने के बारे में ज्यादा सोचना नहीं पड़ा।

# एक्सिस और केनेरा बैंक ने भी एफडी की ब्याज दरें बढ़ाई

- नई दरें 12 मई, 2022 से प्रभावी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक और निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने भी एफडी की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। रिजर्व बैंक द्वारा इसी महीने रेपो रेट और सीआरआर में दो साल बाद बढ़ोतरी की घोषणा की गई थी। इसके बाद से सावधि जमाओं पर बैंक ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। इससे पहले इस साल जनवरी से बैंकों ने एफडी की ब्याज दरें बढ़ानी शुरू की थी. रिजर्व बैंक के कदम के बाद दोबारा बढ़ोतरी हो रही है। एक्सिस बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक 7 दिन से लेकर 10 साल तक के एफडी पर अब 2.5 फीसदी से 5.75 फीसदी तक ब्याज दिया जा रहा है। 9 महीने से 1 साल तक और 1 साल से 15 महीने तक के एफडी पर ब्याज दर को बढ़ाकर क्रमशः 4.75 फीसदी और 5.25 फीसदी कर दिया गया है। 15 महीने से ज्यादा लेकिन 2 साल से कम मैच्योरिटी वाली एफडी पर अब 5.3 फीसदी ब्याज ऑफर किया जा रहा है। 2 साल से 5 साल तक वाली एफडी पर 5.6 फीसदी और 5 से 10 साल वाली एफडी पर 5.75 फीसदी ब्याज एक्सिस बैंक दे रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को सभी अवधि की जमाओं पर आधा फीसदी (0.50 फीसदी) ज्यादा ब्याज मिलेगा। नई दरें 12 मई, 2022 से प्रभावी हो गई है। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने भी 2 करोड़ रुपए तक की सावधि जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाने की घोषणा की है। 7 दिन से 45 दिन की जमाओं पर बैंक अब 2.9 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है। 46 दिन से 90 दिन और 91 दिन से 179 दिन की जमाओं पर ग्राहकों को क्रमशः 4 और 4.05 फीसदी ब्याज मिलेगा। 180 दिन से 269 दिन की जमाओं पर ब्याज दर को 4.4 फीसदी से बढ़ाकर 4.5 फीसदी कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को सभी जमाओं पर आधा फीसदी ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है। नई दरें 12 मई से लागू हो गई है। 1 साल के एफडी पर केनरा बैंक अब 5.3 फीसदी ब्याज देगा. जबकि 1 साल से ज्यादा लेकिन 2 साल से कम की जमा पर 5.4 फीसदी ब्याज दिया जाएगा। 270 दिन से ज्यादा और 1 साल से कम अवधि के लिए ब्याज की दर 4.55 फीसदी होगी। 2-3 साल की जमाओं पर 5.45 फीसदी, 3-5 साल के लिए 5.7 फीसदी और 5-10 साल तक की एफडी पर बैंक अब 5.75 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है।

# एयर इंडिया के सीईओ बने कैंपबेल विल्सन



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टाटा संस की एयर इंडिया के लिए सीईओ और एमडी की खोज पूरी हो चुकी है। कंपनी ने कैंपबेल विल्सन को एयर इंडिया के सीईओ और एमडी नियुक्त किया है। अभी तक विल्सन स्कूट के सीईओ के रूप में कार्यरत थे। स्कूट सिंगापुर एयरलाइंस की पूर्ण स्वामित्व वाली एक कम लागत वाली सहायक कंपनी है। कैंपबेल के पास विमानन उद्योग का 26 वर्षों का अनुभव है। एयर इंडिया की कमान संभालने के लिए कैंपबेल ने स्कूट के सीईओ पद से त्यागपत्र दे दिया है। 2011 से वो इस पद पर हैं। टाटा ग्रुप ने 27 जनवरी को एयर इंडिया को अपने नियंत्रण में लिया था। कैंपबेल की नियुक्ति पर एयर इंडिया के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा कि कैंपबेल विमानन उद्योग के दिग्गज हैं। इन्होंने कई क्षेत्रों में प्रमुख वैश्विक बाजारों में काम किया है। वहीं कैंपबेल विल्सन ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि प्रतिष्ठित एयर इंडिया का नेतृत्व करने और टाटा समूह का हिस्सा बनने के लिए चुना जाना सम्मान की बात है। कैंपबेल विल्सन ने 1996 में न्यूजीलैंड में एसआईए के साथ एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में शुरूआत की। उन्होंने 2011 में स्कूट के संस्थापक सीईओ का कार्यभार संभाला था। इससे पहले वे कनाडा, हांगकांग और जापान में एसआईए के लिए काम कर चुके हैं। विल्सन ने न्यूजीलैंड में कैंटरबरी विश्वविद्यालय से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर ऑफ कॉमर्स की डिग्री हासिल की है।

# गूगल चालू साल में लांच करेगी गई जबर्दस्त प्रोडक्ट

**-पिक्सल 7 समेत लॉन्च होगा टैबलेट, वॉच के अलावा भी उत्पाद होंगे लांच**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानी-मानी कंपनी गूगल चालू साल में ग्राहकों के लिए कई बेहतरीन प्रोडक्ट लांच करने वाली है। पिक्सल 7 समेत टैबलेट, वॉच के अलावा भी उत्पाद लांच होंगे। गूगल ने अपने आई/ ओ 2022 इवेंट में पिक्सल 6ए स्मार्टफोन लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने पिक्सल 7 सीरीज को भी टीज किया है। अपकमिंग स्मार्टफोन के साथ ही ब्रांड ने टैबलेट, वॉच और बड्स को भी इंट्रोड्यूश किया है। इन प्रोडक्ट्स के जरिए कंपनी ऐप्पल और सैमसंग जैसे ब्रांड्स को टक्कर दे सकती है। ज्यादातर प्रोडक्ट्स इस साल के अंत या अगले साल की शुरूआत में लॉन्च होंगे। स्मार्टफोन की बात करें तो कंपनी ना सिर्फ दो हैंडसेट- पिक्सल 7 और पिक्सल 7 प्रो को कन्फर्म किया है। बल्कि दोनों हैडसेट का डिजाइन भी टीज किया है। दोनों ही स्मार्टफोन इस साल के अंत तक लॉन्च होंगे। आइए जानते हैं इन स्मार्टफोन की खास बातें। गूगल पिक्सल 7 सीरीज डिजाइन के मामले में पिक्सल 6 से थोड़ी अलग होगी। हैंडसेट का कैमरा बार अब एलुमिनियम फिनिश के साथ आएगा। पिक्सल 7 में डुअल रियर कैमरा सेटअप ही मिलेगा, जबकि पिक्सल 7 प्रो में एक एडिशनल टेलीफोटो कैमरा मिलेगा। कंपनी ने बताया है कि पिक्सल 7 सीरीज में नेक्स्ट जनरेशन का टेनसोर प्रोसेसर मिलेगा। दोनों ही स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 के साथ लॉन्च होंगे। हालांकि, कंपनी ने इनकी कोई स्पेसिफिकेशन्स शेयर नहीं की है। रिपोट्र्स की मानें तो पिक्सल 7 में ब्रांड 6.3-इंच का डिस्प्ले दे सकता है, जबकि पिक्सल 7 प्रो में 6.7-इंच की अमोलेड स्क्रीन मिलेगी। प्रो मॉडल 120एचझेड के रिफ्रेश रेट के साथ आएगा, जबकि स्टैंडर्ड वर्जन में 90एचझेड का रिफ्रेश रेट मिलेगा।पिक्सल 7 में 50एमपी का मेन लेंस और 12एमपी का अल्ट्रा वाइड एंगल लेंस मिल सकता है। प्रो मॉडल में कंपनी 48एमपी का टेलीफ-ोटो कैमरा देगी, जो 2एक्स ऑप्टिकल जूम के साथ आएगा। दोनों स्मार्टफोन के बारे में इससे ज्यादा जानकारी मौजूद नहीं है। गूगल ने एक पिक्सल टैबलेट भी टीज किया है। यह टैबलेट साल 2023 में लॉन्च होगा। कंपनी इसे एंड्रॉयड 13 के साथ लॉन्च करेगी। इसमें बड़ी स्क्रीन और टेनसोर चिपसेट मिलेगा। रियर साइड में सिंगल कैमरा होगा। एक कैमरा फ्रंट में दिया जाएगा। इसके बारे में ज्यादा जानकारी फिलहाल कंपनी ने शेयर नहीं की है। गूगल ने अपने वियरेबल लाइनअप को भी अपग्रेड किया है। ब्रांड ने पिक्सल बडस प्रो लॉन्च किया है, जो चार कलर और एक्टिव नॉयस कैंसिलेशन के साथ आता है। इसमें एक कस्टम ऑडियो चिप दिया गया है। कंपनी की मानें तो डिवाइस 7 घंटे की बैटरी लाइफ के साथ आता है। वहीं एएनसी बंद होने पर यह 11 घंटे तक काम कर सकता है। कंपनी ने इसे 199 डॉलर की कीमत पर लॉन्च किया है।इसके साथ ही कंपनी ने पिक्सल वॉच को भी टीज किया है।


# ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर वरुण दुबे ने कंपनी का साथ छोड़ा




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर जिस तेजी से बाजार में छाया उसी तेजी से उसमें तकनीकी खराबी की लगातार आ रही शिकायतों के बीच कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर वरुण दुबे के काम छोड़ने की खबर है। उन्हें ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भावेश अग्रवाल का काफी करीबी माना जाता है और ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की लॉन्चिंग से लेकर डिलीवरी तक ये अधिकारी मीडिया में कंपनी का जाना-पहचाना चेहरा रहे हैं। खबर के मुताबिक, कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर वरुण दुबे ने निजी कारणों के चलते ओला इलेक्ट्रिक का साथ छोड़ दिया है। उन्होंने साल 2019 में कंपनी ज्वॉइन की थी। हालांकि वरुण दुबे के ट्विटर और लिंक्डइन प्रोफाइल पर अभी तक इसे लेकर कोई अपडेट नहीं दिखा रहा है। अगर आप ट्विटर पर ओला इलेक्ट्रिक को टैग किए हुए पोस्ट को देखें तो हजारों लोगों ने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में आ रही तकनीकी खराबी की शिकायतें दर्ज कराई हैं। बुधवार को भी पल्लव माहेश्वरी नाम के एक यूजर ने लिंक्डइन पर ओला स्कूटर के रिवर्स मोड में बग की शिकायत के लिए लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा। रिवर्स मोड की खामी की वजह से उनके 65 साल के पिता ओला स्कूटर से चोटिल हो गए और उनके सिर में 10 टांके आए हैं, साथ ही बांये हाथ में दो प्लेट लगी हैं। इतना ही नहीं 26 मार्च को पुणे में एक ओला स्कूटर में आग लगने की घटना सामने आई थी। इसके बाद कंपनी ने 1,441 इलेक्ट्रिक व्हीकल को रिकॉल भी किया है। लेकिन इन सब वजहों से कंपनी की इमेज को काफी धक्का लगा है और उसे लगातार सोशल मीडिया पर निगेटिव पब्लिसिटी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कंपनी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर का साथ छोड़कर जाना कई अहम सवाल खड़े करता है। हालांकि कंपनी की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। वरुण दुबे के ओला इलेक्ट्रिक छोड़ने से पहले कंपनी के कई और बड़े अधिकारियों के कंपनी छोड़ने की खबर आई है। इसमें कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफिसर दिनेश राधाकृष्णन ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दिया है। वहीं उनसे पहले ओला कार्स के सीईओ अरुण श्रीदेशमुख ने भी कंपनी का साथ छोड़ दिया था।

# एप्पल से अरामको ने छीना सबसे मूल्यवान कंपनी खिताब

- तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण शेयरों में आई तेजी



**सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल से अरामको ने सबसे मूल्यवान कंपनी होने का खिताब छीन लिया है। वर्तमान में सऊदी अरामको दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। उसने ऐप्पल की जगह ली है। ऐसा इसीलिए हुआ क्योंकि तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण तेल क्षेत्र के शेयरों में तेजी आई और टेक इंडस्ट्री के शेयरों में गिरावट आई। सऊदी अरब की राष्ट्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस कंपनी सऊदी अरामको को दुनिया की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी के रूप में भी जाता है। बुधवार को बाजार बंद होने पर सऊदी अरामको का बाजार मूल्य 2.42 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जबकि एप्पल का बाजार मूल्य शेयर प्राइस घटने की वजह से 2.37 ट्रिलियन डॉलर ही रह गया। पिछले एक महीने में एप्पलके शेयर की कीमत में काफी गिरावट देखी गई है। इस साल के पहले तीन महीनों में मजबूत उपभोक्ता मांग के बीच ऐप्पल ने उम्मीद से बेहतर मुनाफा कमाया लेकिन इसके बावजूद शेयर की कीमत में गिरावट आई। इसके साथ ही, एप्पल का अनुमान है कि चीन में कोविड-19 लॉकडाउन और आपूर्ति श्रृंखला के संकट के कारण जून तिमाही के परिणामों में 4 से 8 बिलियन डॉलर तक की कमी आ सकती है। उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी लुका मेस्त्री ने विश्लेषकों के साथ एक कॉन्फ्रेंस में कहा, "कोविड से संबंधित व्यवधानों और उद्योग-व्यापी सिलिकॉन की कमी के कारण आपूर्ति की कमी हमारे उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांग को पूरा करने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर रही है।"वहीं, तेल की दिग्गज कंपनी सऊदी अरामको ने पिछले साल के शुद्ध लाभ में 124 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। ऐसा तब हुआ जब हाल ही में यमनी विद्रोहियों द्वारा उसकी फैसिलिटी पर हमला किया गया और उत्पादन में "अस्थायी" गिरावट आई। कंपनी ने कहा, "अरामको की शुद्ध आय 2020 में 49.0 बिलियन डॉलर की तुलना में 2021 में 124 प्रतिशत बढ़कर 110.0 बिलियन डॉलर हो गई।" बता दें कि इससे पहले ऐप्पल दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी के रूप में जानी जाती थी लेकिन बुधवार को सऊदी अरामको ने ऐप्पल से यह खिताब छीन लिया है।

# नई स्कॉर्पियो अगले महीने जुलाई में होगी लांच


-नई महिंद्रा स्कॉर्पियो का आधिकारिक टीजर जारी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नई स्कॉर्पियो का अगले महीने जून में अनावरण किया जाएगा और जुलाई में इसे लॉन्च किया जा सकता है। महिंद्रा ने नई महिंद्रा स्कॉर्पियो का आधिकारिक टीजर जारी कर दिया है। इस टीजर में बिग-बी अमिताभ बच्चन ने अपनी आवाज दी है। बिग-बी की वजह से नई जनरेशन स्कॉर्पियो को एसयूवी का बिग डैडी बताया जा रहा है। नई स्कॉर्पियो में महिंद्रा का नया लोगो लगाया जाएगा। इस लोगो को पहली बार एक्सूयवी-700 पर इस्तेमाल किया गया था। हेडलैम्प्स और बंपर को भी अपडेट किया गया है। एयर-डैम को चौड़ा बनाया गया है और एसयूवी के रफ प्रोफाइल को बढ़ाने के लिए एक बड़ी स्किड प्लेट जोड़ी गई है। सोशल मीडिया में नई स्कॉर्पियो की तस्वीरें शेयर की जा रही हैं। फीचर्स के बारे में कहा जा रहा है कि नई स्कॉर्पियो में ब्लैक व ब्राउन दोहरे रंग का इंटीरियर थीम, बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेन्मेंट सिस्टम, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे फीचर्स दिए जाएंगे। इनके अलावा स्कॉर्पियो में क्लाइमेट कंट्रोल, फैन स्पीड कंट्रोल, दूसरी लाइन के पैसेंजर के लिए एसी वेन्ट्स, तीन स्पोक वाला स्टीयरिंग वील, इलेक्ट्रिक सनरूफ, वायरलेस चार्जिंग, फ्रंट डोर में स्पीकर्स, नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, क्रूज कंट्रोल, इंजन स्टार्ट-स्टॉप बटन, एड्जस्ट होने वाली ड्राइवर सीट, सेंटर कंसोल पर कप होल्डर्स और ड्राइव मोड्स जैसे प्रमुख फीचर्स देखने को मिलेंगे। स्कॉर्पियो के डैशबोर्ड को पूरी तरह से संशोधित किया गया है। इसमें एक नया डुअल-टोन थीम है। अपहोल्स्ट्री भी डुअल-टोन रंगों में दी गई है। सेफ्टी के लिहाज से नई स्कॉर्पियो में क्रूज कंट्रोल, फ्रंट पार्किंग सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और 360 डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स होंगे। नई स्कॉर्पियो के इंजन के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें 2.0 लीटर का एमस्टैलियन टर्बो-पेट्रोल और 2.2 लीटर का एमहॉक डीजल इंजन होगा। इसमें 6 स्पीड मैनुअल व ऑटोमैटिक गियरबॉक्स को जोड़ा जा सकता है।

## दैनिक पंचांग

**14 मई 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.27 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 07.25 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 09.38 बजे से |
| बुध | वृष में | सिंह | 11.54 बजे से |
| गुरु | मीन में | कन्या | 14.06 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.17 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 18.32 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 20.48 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 22.53 बजे से |
| | | कुंभ | 00.39 बजे से |
| | | मीन | 02.12 बजे से |
| | | मेष | 03.43 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2022 वर्ष का 134 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 15.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 17.28 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 12.58 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.23 बजे तदनन्तर गर 02.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 34'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871248
**जूलियन दिन** 2459713.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** सव्वाल **तारीख** 12
**विशेष** नरसिंह जयंती, छिन्नमस्ता जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# आयोनिक 5 इलेक्ट्रिक कार जल्द होगी लॉन्च

-कंपनी ने कर दी आधिकारिक घोषणा




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जानी-मानी कंपनी हुंडई आयोनिक 5 इलेक्ट्रिक कार को जल्द ही भारत में लॉन्च किया जाएगा। हुंडई आयोनिक 5 इलेक्ट्रिक कार की भारत में लॉन्चिंग के बारे में कंपनी ने आधिकारिक घोषणा कर दी है। हुंडई ने आयनिक 5 को कंपनी की वेबसाइट पर लिस्ट किया है। इस कार को अगले महीने जून में लॉन्च किया जाएगा। हुंडई आयोनिक 5 को भारत में चेन्नई स्थित हुंडई के प्लांट में असेंबल किया जा रहा है। आयनिक 5 हुंडई के इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म को बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए तैयार किया गया है। यह देश में हुंडई की पहली ई-जीएमपी कार भी होगी। आयोनिक 5 इलेक्ट्रिक एसयूवी को रेट्रो-फ्यूचरिस्टिक लुक दिया गया है। इसमें फ्लैट सरफेस के साथ ही एक्सटीरियर को काफी आकर्षक रखा गया है। इस गाड़ी में एलईडी लाइट्स, 20-इंच के ऐरोडाइनेमिक स्टाइलिश अलॉय व्हील समेत कई जबरदस्त फीचर्स देखने को मिलेंगे। हुंडई आयनिक 57 में चौकोर डीआरएल्स के साथ एलईडी हेडलैम्प, फ़्लश-फिटिंग डोर हैंडल्स, पिक्सलेटेड टेल लाइट, स्पॉयलर और शार्क फिन एन्टिना दिया गया है। कार के केबिन में यूनिवर्सल आइलैंड फीचर की मदद से सेंटर कंसोल को पीछे की तरफ स्लाइड किया जा सकता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिकली अडजस्टेबल फ्रंट सीट दी हुई हैं। ऑटो एक्सपर्ट बताते हैं कि हुंडई आयोनिक 5 सितंबर में इसे रोलआउट किया जाएगा और अक्टूबर में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। इस इलेक्ट्रिक कार की कीमत 35 से 40 लाख रुपये के बीच हो सकती है। कंपनी का दावा है कि आयनिक 5 इलेक्ट्रिक कार को 10 से 80 प्रतिशत तक चार्ज करने में केवल 20 मिनट लगते हैं। मात्र 5 मिनट की चार्जिंग पर इस कार को 100 किलोमीटर तक दौड़ा सकते हैं। हुंडई आयनिक 5 में आरडब्ल्यूडी और एडब्ल्यूडीके साथ 58 किलो वॉट या 72.6 किलो वॉट का बैटरी पैक दिया जा सकता है। इंटरनेशनल मार्केट में इसे हुंडई आयोनिक 5 को दो वैरिएंट में पेश किया गया है। एक वैरिएंट में 58 केडब्ल्यूएच की बैटरी का इस्तेमाल किया गया है। यह गाड़ी रियर व्हील ड्राइव के साथ आती है। दूसरा एडब्ल्यूडी वैरिएंट 72.6 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ पेश किया है।

## आज का भाग्य — आज का राशिफल

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी, शुक्रवासरे, हस्त नक्षत्रे, क्रज योगे, वालवकरणे, कन्या की चंद्रमा, प्रदोष क्रत, उपनयन, दिरागमन, गृह प्रवेश वाहन, क्रय विक्रय, गृह प्रवेश मुंडन, देव प्रतिष्ठा मु.दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य बुद्धिमान चपल, चतुर, चंचल स्वाभिमानी, कुशल वक्ता, अधिवक्ता, शासक, प्रशासक, तथा धर्म धुरीण योगी भोगी, साहसी तथा सोना चांदी का व्यापारी कुशल वक्ता प्रवक्ता तथा दूध की डेरी वाला माईनिंग वाला होगा।**

**मेष-** भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य बनेंगे कार्य योजना अवश्य बनेंगे।
**वृष-** नवीन मंत्र विमंत्रणा सफल होगा, संवेदनशील होने से बचिये समय पर ध्यान देवें।
**मिथुन-** स्त्रीवर्ग से हर्ष कुछ चिन्ता व्यावसायिक अवरोध कष्ट अवश्य ही होगा।
**कर्क-** व्यग्रता मन उद्विघ्न रखे कार्य गति भेद होवे रुके कार्य बनेंगे स्थिति का ध्यान रखें।
**सिंह-** साधन संपन्नता के योग बने दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल बनी ही रहेंगी।
**कन्या-** विरोधी परेशान करे, वृथा धन का व्यय असमंजस व अस्थिरिता बनी ही रहेंगी।
**तुला-** कार्य व्यवसाय में बाधा तथा तनाव क्लेश से आय बचने का प्रयास करें।
**वृश्चिक-** चिन्ता बनी रहेंगी कुटुम्ब की समस्याओं को समझदारी से सुलझाये।
**धनु-** बिगड़े हुये कार्य बनेंगे आशानुकूल सफलता से सहयोग अवश्य ही बनें।
**मकर-** स्थिति में सुधार कार्य सफलता से सहयोग संतोष होगा।
**कुंभ-** स्वास्थ्य नरम एवं कहीं तनाव पूर्ण स्थिति कष्ट प्रद होवें।
**मीन-** दूसरों के कार्यो में समय तथा धन नष्ट न करें समय स्थिति का ध्यान रखें।

# सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने की सिमरजीत सिंह और मुकेश चौधरी की तारीफ



**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना करने के बावजूद, चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने अपने युवा तेज गेंदबाजों सिमरजीत सिंह और मुकेश चौधरी की तारीफ की है। तिलक वर्मा और ऋतिक शौकीन के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी और टिम डेविड की नाबाद 16 रनों की बदौलत मुंबई इंडियंस को गुरुवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा, "मुंबई के खिलाफ मैच में हार के बावजूद वास्तव में कुछ चीजें हमारे लिए सकारात्मक रहे। मुझे लगा कि सिमरजीत और मुकेश ने नई गेंद से बेहतरीन गेंदबाजी की। मुकेश इस सीजन में बेहतरीन रहे हैं और पर्याप्त आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं। सिमरजीत ने केवल 3-4 मैचों में ही काफी कुछ हासिल किया है। इसलिए यह टीम के लिए सकारात्मक है। वहीं, दीपक चाहर के टीम में वापस आने के बाद हमारे पास नई गेंद के साथ कुछ अच्छे विकल्प हैं।" फ्लेमिंग ने मुंबई के खिलाफ मैच के दौरान पहली 10 गेंदों के लिए निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की अनुपलब्धता पर निराशा व्यक्त की, जिससे सीएसके को डेवोन कॉनवे, मोइन अली और रॉबिन उथप्पा के रूप में तीन महत्वपूर्ण विकेटों का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, "यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण था, कि उस समय ऐसा हुआ था। हाँ, हम थोड़े निराश हैं, लेकिन यह अभी भी खेल का हिस्सा है। हमें इससे बेहतर होना चाहिए, यह निश्चित रूप से शानदार शुरूआत नहीं थी।" बता दें कि इस मैच में सीएसके की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 97 रनों पर सिमट गई। सीएसके की तरफ से कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए डेनियल सैम्स ने 3, मेरेडिथ और कार्तिकेय ने 2-2 व बुमराह और रमनदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। जवाब में मुंबई की टीम ने 14.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

# बेंगलुरू एफसी ने जीता रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग के पहले संस्करण का खिताब

Reliance Foundation | DEVELOPMENT LEAGUE

**गोवा, (हि.स.)।** केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ खिताबी मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेलते हुए बेंगलुरू एफसी ने गुरुवार को रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आर-एफडीएल) के पहले संस्करण का खिताब जीत लिया। इस मैच का परिणाम इस बात का सबूत है कि दोनों टीमें दमखम के लिहाज से बराबर हैं और सही मायने में नेक्स्ट जेन कप में खेलने की हकदार हैं। अब दोनों टीमें इस साल के अंत में ब्रिटेन में होने वाले नेक्स्ट जेन कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। बेंगलुरू को लीग ताज हासिल करने के लिए केरल के खिलाफ हार से बचना था, और यहां खचाखच भरे बेनॉलिम मैदान पर 90 मिनट से अधिक समय तक ब्लूज नाम से मशहूर इस टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को रोके रखने में कामयाबी हासिल की। केरला ने अपने सात मैचों का सफर 16 अंकों के साथ समाप्त किया। बेंगलुरु ने इस लीग में 19 अंकों के साथ सफर समाप्त किया और एकमात्र नाबाद टीम रही। बेंगलुरु के कोच नौशाद मूसा ने मैच के बाद कहा, "मैं इस अद्भुत मंच के लिए रिलायंस को धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी टीमें बहुत प्रतिस्पर्धी थीं। इस टूर्नामेंट ने वास्तव में हमें खिलाड़ियों के स्तर को समझने के लिए कुछ प्रतिस्पर्धी खेल हासिल करने में मदद की। यह कोचों के लिए भी एक अच्छा मंच है।" मूसा ने आगे कहा, "मैं केरला टीम को बधाई देना चाहता हूं। यह टीम शानदार खेली। निश्चित तौर पर वे सर्वश्रेष्ठ टीम थे। मेरे लड़के जिस तरह पूरे टूर्नामेंट में खेले, उस पर मुझे उन पर गर्व है।" बेंगलुरु के कप्तान नामग्याल भूटिया ने कहा, "यह दो साल बाद हमारी पहली ट्रॉफी है। मैं टीम के लिए बहुत खुश हूं। इस टूर्नामेंट ने हमें एक इकाई के रूप में विकसित करने में मदद की है। हम नेक्स्ट जेन कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम करने की कोशिश करेंगे अच्छा वहां भी।" केरला ब्लास्टर्स के कोच टोमाज टचोर्ज. ने अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि आर-एफडीएल जैसे टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को खेल का अधिक समय मिलता है। पोलिश कोच ने कहा, "हम बहुत अच्छा खेले। प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे, और बहुत सारे मौके बनाए। हम सर्वश्रेष्ठ टीम थे और हमारे पास सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे। बेंगलुरु भी एक अच्छी टीम है। इस तरह के टूनामेंट खिलाड़ियों के लिए अधिक गेम टाइम पाने में मदद करते हैं।" बेंगलुरू एफसी के स्ट्राइकर राहुल राजू ने अपने नाम सात मैचों में सात गोल किए। सबसे अधिक गोल करने के लिए गोल्डन बूट पुरस्कार उनको मिला। जबकि मिडफील्डर बेकी ओरम को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए गोल्डन बॉल पुरस्कार दिया गया। केरल के सचिन सुरेश ने छह साफ बचाव के साथ गोल्डन ग्लव्स पुरस्कार जीता।

# 130 रन से नीचे के किसी भी लक्ष्य का बचाव करना मुश्किल : महेंद्र सिंह धोनी



**मुंबई, (हि.स.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरूवार रात खेले गए मुकाबले में केवल 97 रनों पर पर ढेर होने और बाद में पांच विकेट से हारने के बाद, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने स्वीकार किया कि 130 रन से नीचे के किसी भी लक्ष्य का बचाव करना मुश्किल है। तिलक वर्मा और ऋतिक शौकीन के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी और टिम डेविड की नाबाद 16 रनों की बदौलत मुंबई इंडियंस को गुरुवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। मैच के बाद धोनी ने कहा, "चाहे विकेट कैसी भी हो, 130 से नीचे की किसी भी लक्ष्य का बचाव करना मुश्किल होता है, लेकिन मैंने गेंदबाजों से बहुत अधिक चरित्र दिखाने और परिणाम के बारे में भूल जाने के लिए कहा। दोनों युवा तेज गेंदबाजों मुकेश चौधरी और सिमरजीत सिंह ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। वास्तव में उन्हें खुद पर विश्वास करने में मदद करता है कि परिस्थितियों के बावजूद, जब भी हम शुरूआत करते हैं तो हमें उसी तरह के रवैये की जरूरत होती है और यही सबसे छोटे प्रारूप में जरूरी है।" उन्होंने कहा, "हम ऐसे दौर से गुजरे हैं जहां हमारे पास वास्तव में तेज गेंदबाजों की कमी है। साथ ही, युवा तेज गेंदबाज, परिपक्व होने में अपना समय लेते हैं यदि आप भाग्यशाली हैं तो आपको कोई ऐसा मिल जाता है जो छह महीने के समय में सभी प्रारूपों में खेल सकता है। कुछ खिलाड़ी अपनी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने से पहले अपना समय लेते हैं। हमारे पास अगले सत्र में दो और तेज गेंदबाज आने वाले हैं, साथ ही हमारे पास कुछ और युवा गेंदबाज हैं, बस उन्हें तैयारी के लिए हम पर्याप्त समय देना चाहते हैं।" 97 रनों का छोटा सा लक्ष्य रखने के बावजूद सीएसके के गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मुकेश चौधरी ने तीन विकेट लिए जबकि सिमरजीत सिंह और मोइन अली ने एक-एक विकेट लिया। बता दें कि इस मैच में सीएसके की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 97 रनों पर सिमट गई। सीएसके की तरफ से कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए डेनियल सैम्स ने 3, मेरेडिथ और कार्तिकेय ने 2-2 व बुमराह और रमनदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। जवाब में मुंबई की टीम ने 14.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

## रोहित ने की तिलक वर्मा की तारीफ, कहा- वह बहुत जल्द भारत के लिए एक ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी बनने जा रहे हैं



**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाज तिलक वर्मा के नाबाद पारी की प्रशंसा की, जिससे उनकी टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करने में मदद मिली। तिलक वर्मा और ऋतिक शौकीन के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी और टिम डेविड की नाबाद 16 रनों की बदौलत मुंबई इंडियंस को गुरुवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। डेनियल सैम्स ने मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में 16 रन देकर तीन विकेट लिया। मैच के बाद रोहित शर्मा ने कहा, " पिच गेंदबाजों के अनुकुल थी और शुरूआत में विकेटों के गिरने से बीच में कुछ तनावपूर्ण क्षण आ गए थे। यह सिर्फ शांत रहने और काम पूरा करने के बारे में था। शुरूआत में उन विकेटों को गंवाने के बाद हम थोड़े शांत हुए और अंत में काम पूरा कर लिया। हमने यहां काफी क्रिकेट खेली है। हमने कई मौकों पर इस तरह की पिचें देखी हैं। कई बार गेंदबाजों को खेल में लाना अच्छा होता है। यह हर तरफ बल्लेबाजी के अनुकूल पिचें हैं, दोनों तरफ से उछाल और स्विंग देखना अच्छा था।" उन्होंने कहा, " तिलक वर्मा शानदार रहे हैं, पहले साल खेलना, इतना शांत दिमाग रखना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि वह बहुत जल्द भारत के लिए एक ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी बनने जा रहा है। उसके पास तकनीक और रनों के लिए भूख भी है। बहुत कुछ चीजें उसके लिए उज्ज्वल दिख रही हैं।" बुमराह की तारीफ करते हुए रोहित ने कहा, "बुमराह जानता है कि उसे क्या करने की जरूरत है और टीम उससे क्या करने की उम्मीद करती है जो सबसे महत्वपूर्ण चीजें हैं। वह पहले से ही शानदार स्पेल को समझता है और हमने देखा कि उसने आखिरी गेम में भी उसने क्या किया था।" बता दें कि इस मैच में सीएसके की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 97 रनों पर सिमट गई। सीएसके की तरफ से कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए डेनियल सैम्स ने 3, मेरेडिथ और कार्तिकेय ने 2-2 व बुमराह और रमनदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। जवाब में मुंबई की टीम ने 14.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

# आईपीएल समापन समारोह के मुख्य आकर्षण होंगे एआर रहमान और रणवीर सिंह

IPL®

**मुंबई, (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज टीसीएम प्लेटफॉर्म को एजेंसी के रूप में नियुक्त किया जो 29 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा आईपीएल 2022 के समापन समारोह का आयोजन करेगी। संगीतकार एआर रहमान और बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह समापन समारोह का मुख्य आकर्षण होंगे। बता दें कि लगभग 4 साल बाद आईपीएल में समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। टीसीएम प्लेटफॉर्म की निदेशक चंदा सिंह ने कहा, इस विशेष वर्ष में समापन समारोह के आयोजन की जिम्मेदारी दिया जाना वास्तव में एक सम्मान और सौभाग्य की बात है। क्रिकेट हमारे देश के ताने-बाने में गहराई से समाया हुआ है और रचनात्मक रूप से हम भारत की आजादी के 75 साल के जश्न और हमारी क्रिकेट उपलब्धियों के इतिहास को एक साथ लाते हैं। यह वह वर्ष भी है जब दो नई टीमें लीग में शामिल हुई हैं। एआर रहमान, रणवीर सिंह, सहित कई कलाकार और 500 से अधिक सहायक नर्तक इस भव्य समापन समारोह का हिस्सा होंगे। समारोह के लिए खेल के पूरे मैदान का इस्तेमाल किया जाएगा और इसका प्रसारण 29 मई की शाम 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह की परियोजना प्रमुख रिया अग्निहोत्री ने कहा, "हमने अपने तीस मिनट के कार्यक्रम के हर सेकंड को देश का मनोरंजन और रोमांचित करने के लिए बनाया है।"

# सीएसके के खिलाफ मैंने अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित किया : डेनियल सैम्स



**मुंबई, (हि.स.)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ तीन विकेट लेकर मुंबई इंडियंस की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हरफनमौला खिलाड़ी डेनियल सैम्स ने कहा कि सीएसके के खिलाफ उन्होंने अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित किया न कि बल्लेबाज पर। तिलक वर्मा और ऋतिक शौकीन के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी और टिम डेविड की नाबाद 16 रनों की बदौलत मुंबई इंडियंस को गुरुवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। डेनियल सैम्स ने मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में 16 रन देकर तीन विकेट लिया। मैच के बाद सैम्स ने कहा, "पहले कुछ मैच योजना के अनुसार नहीं गए। पहले मैं बल्लेबाज पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा था, न कि अपनी ताकत पर। यह कुछ ऐसा था जिस पर प्रशिक्षण के दौरान काम करना था। । हमारे पास अलग-अलग बल्लेबाजों के लिए अलग-अलग योजनाएं हैं। जिसमें से एक था, सभी बल्लेबाजों के लिए बाउंसर का उपयोग करना।" उन्होंने आगे कहा, "नंबर 3 पर बल्लेबाजी का मौका पाकर मैं वास्तव में उत्साहित था, मैच से पहले महेला जयवर्धने ने मुझसे कुछ बात की। बल्ले से कोई भी मौका पाकर मैं खुश हूं। पिच गेंदबाजी के अनुकूल थी। यह टी20 मैच देखकर अच्छा लगा जहां गेंदबाजों का दबदबा था।" बता दें कि इस मैच में सीएसके की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 97 रनों पर सिमट गई। सीएसके की तरफ से कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए डेनियल सैम्स ने 3, मेरेडिथ और कार्तिकेय ने 2-2 व बुमराह और रमनदीप सिंह को एक-एक विकेट मिला। जवाब में मुंबई की टीम ने 14.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

# आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची शिक्षा, अनामिका और जैस्मीन



**इस्तांबुल, (हि.स.)।** भारतीय मुक्केबाज शिक्षा (54 किग्रा), जैस्मीन (60 किग्रा) और अनामिका (50 किग्रा) ने आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शिक्षा, जिन्होंने अर्जेंटीना के हेरेरा मिलाग्रोस रोसारियो का सामना किया, ने शानदार स्वभाव और कौशल का प्रदर्शन किया और बिना पसीना बहाए सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। प्री-क्वार्टर फाइनल में शिक्षा का अगला मुकाबला रविवार को मंगोलिया की ओयुंटसेटसेग येसुगेन से होगा। भिवानी की रहने वाली जैस्मीन को थाईलैंड की दो बार की यूथ एशियन चैंपियन पोर्नटिप बुआपा से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में अपने प्रतिद्वंद्वी की रणनीति का आकलन करने में कुछ समय लिया और अंतिम दो राउंड में जोरदार वापसी करते हुए 4-1 के विभाजन के फैसले से जीत हासिल की। जैस्मीन रविवार को राउंड ऑफ-16 के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की एंजेला हैरिस से भिड़ेंगी। अनामिका का सामना रोमानिया की यूजेनिया एंगेल से हुआ। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक शुरूआत की, लेकिन अनामिका ने अपने तेज फुटवर्क और मूवमेंट की बदौलत बेहतरीन पंच लगाए और 5-0 से आसान जीत हासिल की। अनामिका का अगला मुकाबला विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की क्रिस्टी ली हैरिस से रविवार को राउंड ऑफ-16 में होगा। यह प्रतियोगिता, जो आईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप की 20 वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, 20 मई तक खेला जाएगा।

## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के 8वें दिन ओडिशा और केरल ने दर्ज की बड़ी जीत



**भोपाल, (हि.स.)।** 12वें हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 के आठवें दिन ओडिशा और केरल ने बड़ी जीत दर्ज की। दिन के पहले मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल एच मैच में हॉकी हिमाचल को 8-0 से हराया। ओडिशा के लिए दीप्ति लाकड़ा (33', 41', 51') ने हैट्रिक लगाई। वहीं, रोजिता कुजूर (46', 54') ने दो और बिमला बरवा (22'), जान्हाबी प्रधान (26'), और पुनम बारला (34') ने एक-एक गोल किया। दिन के दूसरे मैच में, केरल हॉकी ने पूल एच में तेलंगाना हॉकी को 8-0 से हराया। अंजू शाजी (13', 22'), और स्वेता एस (14', 52') ने मैच में दो-दो और रेशमा (8'), ऐश्वर्या केवी (15'), आशिका के एम (24'), और अथिरा प्रसाद शैलजा (48') ने भी एक-एक गोल किया। इससे पहले मैच के सातवें दिन अंतिम मैच में दिल्ली हॉकी ने पूल जी में गोवा हॉकी को 5-1 से हराया। दिल्ली के लिए मानशी (12', 37') ने मैच में दो गोल किये, जबकि सोनाली (24'), सोनू (25'), और शुभम (49') ने भी एक-एक गोल किया। गोवा हॉकी के लिए मैच में एकमात्र गोल वीना नाइक (48') ने किया।

# जाम्बिया के खिलाफ 25 मई को दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम 25 मई को दोहा में जाम्बिया के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उक्त जानकारी दी। यह मैच जून से कोलकाता में होने वाले आगामी एएफसी एशियाई कप चीन 2023 क्वालिफायर फाइनल राउंड के लिए भारत की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम 23 अप्रैल, 2022 से पहले बेल्लारी में, और वर्तमान में कोलकाता में डेरा डाले हुए है, जहां राष्ट्रीय टीम दो और मैत्रीपूर्ण मैच खेल रही है - एक हीरो आई-लीग से संयुक्त ऑल-स्टार इलेवन के खिलाफ और दूसरा बंगाल संतोष ट्रॉफी दल के साथ। भारतीय टीम पहले ही 11 मई को एक और मैत्रीपूर्ण मैच में एटीके मोहन बागान से खेल चुकी है। एएफसी एशियन कप चाइना 2023 क्वालिफायर फाइनल राउंड 8, 11 और 14 जून, 2022 को खेले जाएंगे। जिसमें ग्रुप विजेता और दूसरे स्थान पर रहने वाली 5 टीमें चीन में 16 जून को होने वाले एशियन कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।



रोम में इटालियन ओपन टेनिस में खेलती हुई पोलैंड की इगा स्वाइटेक।

(फोटो-ईएमएस)

## उड़ीसा में बन रहा भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम

**राउरकेला (ईएमएस)।** उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिले में देश का सबसे हॉकी स्टेडियम बनाया जा रहा है। इस स्टेडियम की क्षमता 20,000 दर्शकों की है। इस स्टेडियम का नाम बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रखा गया है और यह अक्टूबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। अगले साल जनवरी में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के मैच इसी स्टेडियम में होंगे। भुवनेश्वर में कलिंग स्टेडियम की क्षमता 15000 दर्शकों की है पर विश्व कप के दौरान बिरसा मुंडा स्टेडियम में 20000 दर्शक मैदान में रहेंगे। इस स्टेडियम के निर्माण की लागत तकरीबन 200 करोड़ रुपये है। स्वागत सिंह ने कहा, ह्यह्यह भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम होगा। हमें लग रहा है कि यह विश्व में सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम होगा हालांकि अभी अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# बिहार राज्य कराटे प्रतियोगिता में बेगूसराय के 32 खिलाड़ी करेंगे प्रदर्शन



**बेगूसराय, (हि.स.)।** 13 से 15 मई तक पटना के दीघा में आयोजित बिहार राज्य कराटे प्रतियोगिता में बेगूसराय के 32 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसमें शामिल होने के लिए सभी 32 बालक-बालिका खिलाड़ी शुक्रवार को पटना रवाना हो गए। जिला कराटे संघ के महासचिव-सह-कोच गोविन्द कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर खेल कर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में राजश्री 23 किलो भार वर्ग, पायल गौतम 30किलो भार वर्ग, खुशबू कुमारी -25 किलो भार वर्ग, पल्लवी गौतम 35 किलो भार वर्ग, शिवानी कुमारी -45 किलो भार वर्ग, अंकिता कुमारी 45 भार वर्ग, काजल कुमारी -40 किलो भार वर्ग, कोमल कुमारी -52 किलो भार वर्ग, रिमझिम कुमारी -54 किलो भार वर्ग, आस्था -53 किलो भार वर्ग, सोनी कुमारी 68 किलो भार वर्ग, अन्नू कुमारी -45 किलो भार वर्ग एवं सोनी कुमारी सीनियर 68 किलो भार वर्ग में शिरकत करेगी। बालक वर्ग में शिवांशु सुमन -57 किलो भार वर्ग, चंदन कुमार -45 किलो भार वर्ग, विवेक कुमार 21 किलो भार वर्ग, आदित्य राज -63 किलो भार वर्ग, गौरव कुमार 45 किलो भार वर्ग, गौतम कुमार -40 किलो भार वर्ग, नवीन चंद्र 45 किलो भार, निशांत कुमार 40 किलो भार वर्ग, मानष पटेल 35 किलो भार वर्ग, एकलव्य कुमार 23 किलो भार वर्ग, सक्षम 27 किलो भार वर्ग, आशीष कुमार सिंह 76 किलो भार वर्ग, गौतम कुमार -60 किलो भार वर्ग, आशीष कुमार 84 किलो भार वर्ग, रोहित कुमार -55 किलो भार वर्ग, अमित कुमार सीनियर -67 किलो भार वर्ग, गौतम कुमार -60 किलो भार वर्ग में शिरकत करेंगे। सब जूनियर एवं कैडेट बालक के कोच रवि कुमार, जूनियर एवं सीनियर बालक के कोच राजीव कुमार तथा बालिका टीम के कोच गोविन्द कुमार हैं। टीम कराटे संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिन्हा, आशुतोष कुमार हीरा, मनीष सिंह एवं दीपक ने रवाना किया।

DELHI CRIME 14 may 2022:Layout 1 5/13/2022 7:23 PM Page 7



# शाह के बाद अब नड्डा करेंगे बंगाल का दौरा

**कोलकाता, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मई महीने के अंतिम सप्ताह में बंगाल दौरे पर आने वाले हैं। प्रदेश भाजपा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे के बाद नड्डा का दौरा बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार बंगाल दौरे के दौरान भाजपा अध्यक्ष प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के अलावा पार्टी के सहयोगी और सामान विचारधारा वाले संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

पता चला है कि मई महीने के अंतिम सप्ताह में ही जेपी नड्डा बंगाल आएंगे। हालांकि तारीख अभी तय नहीं हुई है लेकिन उनके दफ्तर से संपर्क कर इस की योजना बनाने का आवेदन प्रदेश भाजपा ने किया है। जेपी नड्डा के दौरे पर ही केंद्रित कर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी तय की जाएगी। सूत्रों ने बताया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन बरकरार रखने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का दौरा होना है। 2019 में भाजपा ने 42 में से 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार कम से कम 18 और उससे अधिक सीट जीतने की रणनीति पार्टी बना रही है। इसकी वजह है कि 2019 में भाजपा के



पास केवल तीन विधायक थे जबकि इस बार इनकी संख्या 70 के करीब है। हालांकि विधानसभा चुनाव में भाजपा भले ही हारी है लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी बनकर उभरी इसलिए लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए बड़ी चुनौती है। इसके अलावा 33 सालों तक राज्य की सत्ता पर काबिज रहने वाले वाम दल भी हाल के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। अमूमन देखा गया है कि वामदलों के समर्थकों के वोट से भाजपा के सांसदों को बढ़त और जीत मिलती रही है। इस बार अगर माकपा का वोट बंटा तो भाजपा के लिए न केवल अपना प्रदर्शन बरकरार रखना चुनौतीपूर्ण होगा बल्कि विधानसभा चुनाव के मुकाबले भी मत प्रतिशत में कमी आ सकती है। इसीलिए पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व हर हाल में बंगाल में शिकस्त के बाद सुस्त पड़े कार्यकताओं को सक्रिय करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहता।

# बीते आठ वर्षों में मक्का पर 43 फीसदी बढ़ाया गया एमएसपी : तोमर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा बीते आठ वर्षों में मक्का पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 43 प्रतिशत बढ़ाया गया है। तोमर ने शुक्रवार को फिक्की की ओर से आयोजित भारत मक्का शिखर सम्मेलन-2022 को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्षों में भारत सहित दुनिया भर में मक्के की मांग बढ़ी है। तोमर ने कहा कि भोजन के साथ ही कुक्कट पालन व एथनाल उत्पादन सहित विविध क्षेत्रों में मक्का का इस्तेमाल होने के कारण इसकी मांग बढ़ी है। सरकार फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम के तहत विभिन्न पहलों के जरिए किसानों को मक्का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है साथ ही सरकार ने विभिन्न पहल व पैकेजों से उद्यमियों को भी समर्थन किया है। केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि कृषि हमारे देश की रीढ़ है। जिसने कोविड-19 सहित हर संकट में देश की मदद की है। कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि भी उत्साहवर्धक रही है,




जिसका आंकड़ा लगभग चार लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में काफी निवेश की आवश्यकता है, जिसके लिए एक लाख करोड रु. के कृषि अवसंरचना कोष सहित कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए डेढ़ लाख करोड़ रु. से ज्यादा के पैकेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने उपलब्ध कराए हैं। कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए इसमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज के समय के अनुरूप उद्योगों और किसानों को मिल-जुलकर काम करना होगा ताकि दोनों की जरूरतें पूरी हो सकें और ऐसा होने से कृषि व उद्यम क्षेत्र के साथ ही देश को भी काफी फायदा होगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। तोमर ने कहा कि पिछले कुछ सालों के दौरान उद्योगों के फायदे और किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए केंद्र सरकार ने श्रृंखलाबद्ध तरीके से अनेक नीतिगत सुधार किए व योजनाएं प्रारंभ की हैं।

# फोन टैपिंग मामला: ओएसडी को दिल्ली पुलिस ने फिर बुलाया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** फोन टैपिंग मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को एक बार फिर पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। लोकेश शर्मा को प्रशांत विहार स्थित अपराध शाखा के दफ्तर में शनिवार को पेश होने के लिए कहा गया है। इस मामले में कई बार पुलिस उन्हें नोटिस भेज चुकी है और वह अब तक केवल एक बार पूछताछ में शामिल होने के लिए आए हैं। पुलिस के अनुसार अपराध शाखा ने मार्च 2021 में फोन टैपिंग को लेकर एफआईआर दर्ज की थी। इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को मुख्य आरोपित बनाया गया था। इस मामले की जांच कर रही अपराध शाखा ने लोकेश शर्मा को बीते अक्टूबर और नवंबर महीने में पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था, लेकिन वह इस जांच में शामिल नहीं हुए थे। इसके बाद से भी अपराध शाखा लगातार उनसे जांच में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही थी।

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

उन्हें नोटिस भी भेजा गया था। बीते दिसंबर महीने में वह पूछताछ में शामिल होने आए थे। उनसे तीन घंटे तक पूछताछ की गई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में पूछताछ के दौरान लोकेश शर्मा ने सहयोग नहीं किया था। इसके चलते अपराध शाखा को कई सवालों के जवाब नहीं मिले थे। उन्हें जाते समय बताया गया था कि आवश्यकता पड़ने पर अपराध शाखा उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुलाएगी। इसी कड़ी में पुलिस ने लोकेश शर्मा को एक बार फिर नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्हें शनिवार सुबह अपराध शाखा के सेक्टर 14 रोहिणी स्थित दफ्तर में पेश होने को कहा गया है। यहां पर जांच अधिकारी के अलावा वरिष्ठ अधिकारी भी उनसे पूछताछ कर सकते हैं।

# गमगीन माहौल में राहुल भट का अंतिम संस्कार, भाजपा हाय-हाय के लगे नारे

**जम्मू (ईएमएस)।** राहुल भट अमर रहें 'पाकिस्तान मुदार्बाद' और 'बीजेपी हाय-हाय' के नारों के बीच शुक्रवार सुबह यहां बान तालाब श्मशान घाट पर कश्मीरी पंडित राहुल भट के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। कश्मीरी पंडित राहुल भट की गुरुवार को बडगाम के चदूरा में तहसील कार्यालय के अंदर आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। श्मशान घाट पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह, जम्मू संभागीय आयुक्त रमेश कुमार और जम्मू के जिला आयुक्त अवनी लवासा मौजूद थे। मृतक राहुल भट के भाई सनी ने भाई की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान कश्मीरी पंडित समुदाय के सदस्यों ने बर्बर हत्या पर अपना गुस्सा व्यक्त किया और घाटी में रहने वाले कश्मीरी पंडितों के लिए सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा, 'कश्मीरी पंडितों को एक जगह फुलप्रूफ सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए और कश्मीर के आसपास के इलाकों में नौकरी दी जानी चाहिए। राहुल की हत्या उन लोगों द्वारा की गई जो गजवा-ए-हिंद को बढ़ावा देना और इसे स्थापित करना चाहते हैं। इसे एक बार में और हमेशा के लिए खत्म करना होगा। राहुल भट की पत्नी मीनाक्षी भट ने कहा कि कश्मीर में



पंडित बलि का बकरा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2010 से जो कश्मीरी पंडित नौकरियों के लिए गए हैं, वे आतंकियों के टारगेट पर हैं। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर से कई बार गुहार लगाई गई थी कि उनका ट्रांसफर कर दिया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी के चलते उनकी आतंकियों ने जान ले ली। यदि उनका ट्रांसफर हो जाता तो फिर उनकी हत्या नहीं होती। एक अन्य स्थानीय राकेश भट ने कहा कि पंडितों को वापस कश्मीर नहीं भेजा जाना चाहिए बल्कि उन्हें जम्मू में सुरक्षित शिविरों में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "राहुल की हत्या कानून का पालन करने वाले एक असहाय नागरिक की एक और चुनिंदा हत्या है। इसने घाटी के अन्य पंडित कर्मचारियों में भय पैदा कर दिया है, जो अब वहां सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं।" उन्होंने कहा कि सरकार ने घाटी में बंदूक चलाने वाले सनकियों के लिए पंडितों को बलि का बकरा बना दिया है।" भट ने कहा कि इस जघन्य अपराध से पूरा पंडित समाज स्तब्ध है। राहुल के पिता ने कहा, मैं इस बात की गहन जांच चाहता हूं कि कैसे आतंकवादी एक सरकारी कार्यालय में घुस गए और मेरे बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकार घाटी में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की बात करती है, लेकिन उसके अपने पंडित कर्मचारी सरकारी दफ्तरों में सुरक्षित नहीं हैं। इससे पहले शुक्रवार सुबह गुस्साए लोगों ने जानीपुर रोड जाम कर परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो आतंकवादी जघन्य अपराध में शामिल थे और उन्होंने राहुल भट की हत्या के लिए पिस्तौल का इस्तेमाल किया था।

# योगी सरकार में सर्वाधिक नियुक्त हुए डिग्री कालेज शिक्षक

**-पांच सालों में राजकीय महाविद्यालय में 766 और अशासकीय में 2802 प्रवक्ताओं का सलेक्शन**

**-प्रवक्ताओं के रिक्त 2002 पदों पर अगस्त तक हो जाएगी नियुक्ति**

**लखनऊ, (हि.स.)।** उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार की मुहिम में जुटी योगी सरकार ने अशासकीय और राजकीय महाविद्यालय में बीते पांच साल में प्रवक्ताओं की रिकॉर्ड नियुक्ति की है । इस दौरान साढ़े तीन हजार से अधिक शिक्षकों का चयन हुआ है। जबकि दो हजार से अधिक प्रवक्ताओं की नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा हो चुकी है। अगस्त तक इन शिक्षकों को नियुक्त कर दिया जाएगा। वहीं एडेड कालेजों में प्राचार्यों की नियुक्ति तो 14 साल बाद हुई है। पांच सालों में 290 प्राचार्य चयनित हुए। जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही योगी सरकार ने बीते पांच सालों में पारदर्शी चयन प्रक्रिया के तहत सर्वाधिक डिग्री शिक्षकों की नियुक्ति की है । 2017 से 2022 तक राजकीय महाविद्यालयों में 766 प्रवक्ता चयनित हुए हैं। जबकि 2002 रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा संपन्न की जा चुकी है। अगस्त तक इनका सलेक्शन हो जाएगा। वहीं सपा सरकार में (2012-2017) 557 और मायावती सरकार मे 487 प्रवक्ता चयनित हुए थे। 2003 से 2007 तक 147 चयनित हुए थे। अशासकीय (एडेड) महाविद्यालयों में योगी सरकार ने रिकॉर्ड शिक्षकों की नियुक्ति की है, जो सपा बसपा सरकार के कार्यकाल में हुई नियुक्ति की तीन गुने से अधिक है। बीते पांच साल में 2802 प्रवक्ताओं का सलेक्शन हुआ जबकि अखिलेश यादव ( 2012 से



2017) में यह संख्या शून्य रही अर्थात एक भी शिक्षकों की नियुक्ति नही हुई। जबकि बसपा सरकार (2007 से 2012) में 185 और 2003 से 2007 तक 797 प्रवक्ताओं का चयन हुआ था। प्राचार्यों के चयन में योगी सरकार ने कीर्तिमान रचकर 290 नियुक्ति की । जबकि 2003 से 2017 तक एक भी प्राचार्य का चयन नही हुआ था।

# पुलिस हमारी ब्रांड एम्बेसडर : पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सुद्धोवाला स्थित आईआरबी द्वितीय के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण एवं द्वितीय चरण के भवनों का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश सभी विभागों एवं कार्यदाई संस्थाओं को दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा पूरे चरम पर है। इस स्थिति में पुलिस की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु देवभूमि से अच्छा संदेश लेकर जाएं यह सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड पर्यटन प्रदेश है। पुलिस हमारी ब्रांड एम्बेसडर है। पुलिस के ध्येय वाक्य मित्रता, सेवा और सुरक्षा को चरितार्थ करने के लिए पूरे मनोयोग काम करना होगा। चार धाम यात्रा को लेकर सरकार लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। चार धाम यात्रा कोविड महामारी के कारण दो साल बाद शुरू हुई है। इस कारण यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा हमारी चुनौती है लेकिन सरकार इसे सुव्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने यात्रा के दौरान हो रही मौतों पर कहा कि बीते कुछ समय में चार धाम यात्रा में जितने भी घटनाएं हुई हैं, वह यात्रा में अव्यवस्था एवं भगदड़ मचने से नहीं बल्कि अन्य स्वास्थ्यगत कारणों से हुई है। मुख्यमंत्री ने चार धाम यात्रा पर आने वाले नौजवानों से अनुरोध करते हुए कहा है कि नौजवान पहले बुजुर्ग एवं महिलाओं को दर्शन करने का मौका दें। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस विभाग नियमों का कड़ाई से पालन करें और अतिरिक्त सावधानी बरते। स्मार्ट पुलिसिंग के लिए तकनीक का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पुलिस व्यवस्था पर कहा कि प्रदेश 22वें साल में पहुंच



गया है। ऐसे में पुलिस की भूमिका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि एसओजी, एसटीएफ, साइबर सेल जैसे अलग-अलग शाखाओं में काम करने वाले पुलिसकर्मियों की स्पेशल ट्रेनिंग कराई जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के कोविड काल में किए गए कार्यों की सराहना किया और बताया कि सराहनीय कार्य के लिए सरकार ने पुलिस को 10 हजार रुपए की सम्मान राशि दी है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में 1700 कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। सरकार आगे भी पुलिस जवानों की भर्ती प्रक्रिया कराएगी। उन्होंने कहा कि आईआरबी 3 बटालियन के गैरसैंण में गठन के लिए जो प्रस्ताव आया है, सरकार उसका परीक्षण करवाएगी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान और संतृष्टि के भाव से काम कर रही है। पुलिस जवान हमेशा फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में काम करते हैं और चार धाम में भी पुलिस अपनी भूमिका बखूबी निभा रही है। अपर मुख्य सचिव ने पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों पर विशेष जोर देते हुए उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने आईआरबी के गठन, उसके उपयोग एवं भविष्य के कार्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, एडीजी पीवीके प्रसाद समेत पुलिस विभाग के अन्य उच्चाधिकारी अधिकारी मौजूद रहे।

## हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

## सहयोगी संरक्षक

**अनिल सेठी**

**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**कला सहयोगी-मोहित शुक्ला, रजनीश**

## सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

## उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**

**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

**83750 00628**

## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 14 may 2022:Layout 1 5/13/2022 7:23 PM Page 8



# सिनेमा के लिए खास हैं जूनियर एनटीआर


### -दुनियाभर में बनाई है अपनी एक खास पहचान



**मुंबई (ईएमएस)।** जूनियर एनटीआर ने आरआरआर में कोमाराम भीम का बेहतरीन किरदार निभाया और उसके बाद दुनियाभर में जूनियर एनटीआर ने अपनी एक खास पहचान बनाई है। साथ ही राम चरण के साथ उनका नाटू- नाटू डांस का स्टाइल भी लोगों को काफी पसंद आया जिसे देख हर कोई थिरकने को मजबूर हो जाता है। जहां भारतीय सिनेमा के दिग्गज और उभरते सितारे इस बात से सहमत हैं कि तारक वास्तव में एक बहुआयामी सुपरस्टार हैं, वहीं स्टार कोरियोग्राफर सेखर मास्टर भी उन्हें नो-रिहर्सल स्टार के रूप में देखते हैं। शेखर मास्टर ने बातचीत के दौरान कहा, आरआरआर सुपरस्टार एक ऐसा हीरो है जिसे रिहर्सल की आवश्यकता नहीं है और वह केवल अपने ऑब्जेर्वेशन करके डांस मूव्स कर सकते हैं। वे यह भी कहते हैं कि जूनियर एनटीआर एक सिंगल टेक-डांसर है। बकौल शेखर मास्टर, अगर कोई हीरो है जो रिहर्सल नहीं चाहता है, तो वह जूनियर एनटीआर है। वह अपने डांस स्ट्राइक के साथ भी नहीं रहता है। उन्हें केवल एक नजर की जरूरत है और वे पूरी तरह से कॉपी करने में सक्षम है, वे अकेले ऐसे स्टार हैं जो प्रैक्टिस नहीं करते हैं। राजामौली की आर-आरआर की अभूतपूर्व सफलता के बाद, एनटीआर जूनियर अब एनट-ीआर 30 के लिए कोराताला शिवा की फिल्म के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने अपनी बॉडी पर भी काम करना शुरू कर दिया है। इस फिल्म के अलावा उनके पास एनटीआर 31 भी है जिसका निर्देशन केजीएफ के निदेशक प्रशांत नील करेंगे। यह एक कमर्शियल ड्रामा होगी जिसमें आरआरआर स्टार के साथ मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस होंगी। जानकारी के अनुसार, मेकर्स 20 मई को तारक के जन्मदिन के दौरान कुछ बड़ा अपडेट देने की प्लानिंग कर रहे हैं। हो सकता है उनके बर्थडे पर एनटीआर31 का फर्स्ट पोस्टर रिवील हो जाए। आम जनता के हीरो एनट-ीआर जूनियर के पास दुनिया भर में भारतीयों के लिए बड़े पैमाने पर मनोरंजन की व्यवस्था है।

# पिता की बायोपिक में एक्टिंग नहीं करना चाहते हैं महेश बाबू

### -एक्टर इसे प्रोड्यूस करना जरूर पसंद करेंगे



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म मेजर के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में साउथ सिनेमा सुपरस्टार एक्टर महेश बाबू अपने बयानों की वजह से चर्चा में हैं। उस इवेंट में उनके पिता की बायोपिक को लेकर भी सवाल किया गया, जिसका उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया है। वो अपने पिता की बायोपिक में एक्टिंग नहीं करना चाहते हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान महेश बाबू से पिता की बायोपिक को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अगर पिता और सुपरस्टार कृष्णा की बायोपिक कभी बनती है तो वो इसमें एक्टिंग नहीं करना चाहेंगे। लेकिन हां, वो इसे प्रोड्यूस करना जरूर पसंद करेंगे। 46 साल के एक्टर कहते हैं कि वो समझते हैं कि वर्तमान पीढ़ी एक्टर कृष्णा की निजी और प्रोफेशनल लाइफ को जानने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। अगर उन पर कभी बायोपिक बनी तो उसमें वो एक्टिंग नहीं करेंगे बल्कि उसे प्रोड्यूस करेंगे।

महेश बाबू से इस दौरान उनके बॉलीवुड डेब्यू को लेकर भी सवाल किया गया था तो इसे लेकर एक्टर का कहना था कि उन्हें फिल्मों से काफी ऑफर आते हैं। मगर उन्हें लगता नहीं कि उनको वहां कोई अफॉर्ड कर पाएगा। ऐसे में उनका मानना है कि जहां पर उन्हें अफॉर्ड नहीं किया जा सकता हो वो ऐसी इंडस्ट्री में काम करके अपना वक्त बर्बाद नहीं करना चाहते हैं। महेश बाबू ने साउथ इंडस्ट्री को लेकर कहा कि यहां पर उन्हें स्टारडम और इज्जत दोनों ही मिली है। ये उनके लिए बहुत बड़ी बात है। इसलिए वो अपनी इंडस्ट्री को छोड़कर किसी दूसरी फिल्मों का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। वो हमेशा ही फिल्में करने और बड़ा बनने के लिए बारे में सोचते रहते हैं और उनका सपना भी अब सच हो रहा है। एक्टर कहते हैं कि वो इससे ज्यादा और खुश नहीं हो सकते हैं कि उनका सपना पूरा हो रहा है। आपको बता दें कि महेश बाबू ने अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर अपने प्रोडक्शन वेंचर मेजर के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बात की है। उन्होंने इस दौरान खुशी जाहिर की कि तेलुगू फिल्म के ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन के साथ ही भारतीय सिनेमा के मायने बदले हैं। वो पैन इंडिया के स्टार नहीं कहलाना चाहते हैं। बल्कि साउथ को बड़ा बनाना चाहते हैं। बता दें कि साउथ सिनेमा सुपरस्टार एक्टर महेश बाबू बीते दिन से अपनी प्रोड्यूस फिल्म मेजर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते दिन ही इस मूवी का ट्रेलर रिलीज किया गया है। वहीं, फिल्म स-रकारू वाटी पाटा में एक्टर को लीड रोल में देखा जाएगा।

# प्यार से इनकार नहीं लेकिन मेरी शर्तों पर होगा : सुचित्रा

### - बोली एक्ट्रेस-मुझे अब झिक-झिक, बक-बक नहीं चाहिए



**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी तलाक के बाद सुचित्रा कृष्णमूर्ति अब एक बार फिर थिएटर में ऐक्टिव हो गई हैं। हाल ही में सुचित्रा ने अपने ऐक्टिंग करियर के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं स्कूल और कॉलेज के दिनों में काफी थिएटर करती थी। यहां तक कि टीवी सीरीज 'चुनौती' के लिए मुझे इसीलिए चुना गया क्योंकि में थिएटर में ऐक्टिव थी। मैंने पहले म्यूजिकल प्ले के 100 से ज्यादा शो किए हैं। यह सब शादी के पहले की बाद है। शादी के बाद मैंने ऐक्टिंग छोड़ दी और अब थिएटर कर रही हूं। अभी जो प्ले 'ड्रामा क्वीन' मैं कर रही हूं, यह मैंने खुद ही लिखा है, इसका म्यूजिक मैंने दिया है और यह मेरी इसी नाम से लिखी किताब पर आधारित है। 'फिल्मों वापस ऐक्टिंग करने पर सुचित्रा ने कहा, 'मैं दो वेब सीरीज की हैं और जब मेरी बेटी कॉलेज चली गई तो मैंने ऐक्टिंग में वापस आने का फैसला लिया। मैं खुशनसीब हूं कि मुझे अच्छे ऑफर मिल रहे हैं। मैंने थिएटर से शुरूआत करने के बाद टीवी और फिल्मों में भी काम किया, इसलिए मेरे लिए मीडियम से कोई फर्क नहीं पड़ता। अभी फिल्मों और टीवी शोज के लिए भी बात चल रही है लेकिन इनके बारे में अभी कुछ कहना बहुत जल्दबाजी होगी। हां, मेरा प्लान ऐक्टिंग में फिर से आने का है। बहुत घर पर बैठ ली। 'तलाक के बाद सुचित्रा ने अकेले ही अपनी बेटी को पाला-पोसा है। सिंगल मदर के तौर पर आने वाली चुनौतियों पर उन्होंने कहा, 'सिंगल मदर होना बहुत मुश्किल होता है। मुझे बहुत सारे ऑफर मिल रहे थे लेकिन मैं अपनी बेटी को घर पर अकेला छोड़कर काम पर नहीं जा सकती थी। मेरे लिए मेरी बेटी पहली प्रायॉरिटी थी। जब मेरी बेटी कॉलेज चली गई तो मैं डिप्रेशन में चली गई। इसके बाद मैंने सोचा चलो अब खुद को आगे करते हैं। दोस्तों को कॉल किया और कहा कि मैं काम पर वापस आना चाहती हूं।'शेखर कपूर से तलाक के बाद सुचित्रा ने न तो शादी की और न ही किसी रिलेशनशिप में आईं। अब एक बार फिर शादी और प्यार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं सिंगल रहते हुए काफी खुश हूं लेकिन अगर मुझे कहीं प्यार मिलता है तो यह मेरी अपनी शर्तों पर होगा। मुझे अब झिक-झिक, बक-बक नहीं चाहिए। मैंने अपनी जिंदगी में प्यार के लिए दरवाजे बंद नहीं किए हैं लेकिन यह पूरी तरह खुले हुए भी नहीं हैं। समय के साथ मैं खुद पर काफी निर्भर हो चुकी हूं और ऐसा नहीं लगता कि मुझे किसी सहारे की जरूरत है।'मालूम हो कि बॉलीवुड में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'कभी हां कभी ना' में नजर आईं सुचित्रा कृष्णमूर्ति को काफी पसंद किया गया था। बाद में वह डायरेक्टर शेखर कपूर के साथ शादी करके फिल्म इंडस्ट्री से एकदम गायब हो गईं। हालांकि बाद में साल 2007 में शेखर और सुचित्रा का तलाक हो गया और अब वह अपनी बेटी की सिंगल मदर हैं। सुचित्रा की बेटी अब कॉलेज जाने लगी हैं।

# आमिर की फिल्म का दूसरा गाना हुआ रिलीज




आमिर खान की अपकमिंग फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' का दूसरा सॉन्ग 'मैं की करां' 12 मई को रिलीज किया है। ये सॉन्ग भी 'कहानी' की तरह ऑडियो वर्जन में रिलीज किया गया है। एक्टर ने फिल्म का पहला सॉन्ग 'कहानी' पिछले महीने काफी प्रमोशन के बाद रिलीज किया था। ऐसे में यह गाना फैंस के लिए सरप्राइज की तरह डिलिवर किया गया है। आमिर खान ने सोशल मीडिया पर सॉन्ग का पोस्टर शेयर किया है। सॉन्ग के लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। सोनू निगम के द्वारा गाए इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है। सॉन्ग का एक नया पोस्टर गाने के साथ लॉन्च किया गया। जिसमें यंग लाल सिंह को एक यंग लड़की के साथ हाथ पकड़े हुए पेड़ो के बीच चलते हुए दिखाया गया है। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप का रीमेक है और पोस्टर का ये सीन बिलकुल यंग फॉरेस्ट और जैनी के फीचर वाले सीन का रेप्लिका है। आमिर खान और सोनू निगम ने फिल्म के सॉन्ग को रेड एफएम पर भी लॉन्च किया है। बता दें, आमिर खान और करीना कपूर खान स्टारर फिल्म 12 अगस्त को रिलीज होगी।

# मैं लड़कों को पीटती हूं, इसकारण मेरी शादी नहीं हो पा रही : कंगना रनौत



**मुंबई (ईएमएस)।** कंगना रनौत अपने धाकड़ स्टेटमेंट के लिए बॉलीवुड में फेमस हैं। बॉलीवुड ही नहीं देश-विदेश के मुद्दों पर भी वह अपनी राय को तीखे अंदाज में रखती हैं। पंगा गर्ल के नाम से मशहूर कंगना अपनी लव लाइफ को लेकर कई बार सुर्खियों में रहीं, लेकिन अपने प्यार को वह कभी शादी के अंजाम तक नहीं पहुंचा सकीं। हाल ही में कंगना ने खुलासा किया कि आखिर उनकी शादी में पनौती कौन बना है और क्यों उनकी शादी नहीं हो पा रही है? पंगा क्वीन ने हाल ही में खुलासा किया कि आखिर क्या वजह है कि उनकी शादी नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया इसके पीछे का कारण कुछ और नहीं सिर्फ अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि अफवाहें ऐसी फैली कि मेरे बारे में लोगों ने सोच बना ली और अब यही वजह है कि मुझे अब कोई परफेक्ट मैच नहीं मिल रहा है। कंगना ने कहा, ह्यऐसा भी नहीं है. रियल लाइफ में मैं किसे मारूंगी। मेरी शादी नहीं हो पा रही हैं, क्योंकि लोग मेरे बारे में इस तरह की अफवाहें फैला रहे हैं। कंगना की शादी को लेकर जब सवाल किया गया कि क्या वहां इस वजह से शादी नहीं कर पा रही हैं, क्योंकि उनके बारे में लोगों ने एक राय बना ली है कि वहां बहुत टफ हैं? इसके जवाब में कंगना ने मजाकिया अंदाज में कहा, हां, क्योंकि मेरे बारे में ऐसी चर्चा होती है कि मैं लड़कों को पीटती हूं।

# फिल्म 'प्यार कुल्हड़' की शूटिंग उत्तरप्रदेश में होगी



महानायक अमिताभ बच्चन के साथ 'गंगा', 'गंगोत्री', 'गंगा देवी' और 'द ग्रेट लीडर' जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के चर्चित निर्देशक अभिषेक चड्ढा को पीआर श्री के बैनर तले बनने वाली फिल्म 'प्यार कुल्हड़' के निर्देशन के लिए अनुबंधित किया जा चुका है। इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में की जाएगी। इस फिल्म के निमार्ता प्रेम चंद्र सिंह के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार फिल्म में तेलुगु फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध अभिनेता मानस नागुलापल्ली मुख्य भूमिका में हैं। वह पर्दे पर एक्ट्रेस अप्सरा रानी के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। फिल्म के नायक को कड़ी टक्कर देने के लिए गुलशन ग्रोवर को भी अनुबंधित किया गया है। फिल्म के गीतकार सनी असलम, ऋषि और मीनू सिंह हैं। फिल्म का संगीत विष्णु नारायण ने तैयार किया है और इस फिल्म के गीतों को स्वर दिया है दलेर मेहंदी, ऋचा शर्मा, अली असलम, सारिका सिंह और विष्णु नारायण ने। सिनेमैटोग्राफर आरएम स्वामी के कलात्मक फोटोग्राफी से सजी इस फिल्म के मीडिया पार्टनर 'सिने आज कल' , एडिटर अमित आनंद, प्रोडक्शन कंट्रोलर मकसूद खान और सेट सज्जाकार राजेश दुबे हैं।

# 'मॉडर्न लव मुंबई' की डायरेक्टर अलंकृता मेहता ने कहा- 'फर्क नहीं पड़ता कि हम किस उम्र के हैं



अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज मॉडर्न लव मुंबई अपने सभी जटिल और सुंदर रूपों में प्यार का पता लगाने के लिए तैयार है। 13 मई को लॉन्च होने वाली यह सीलीज प्रेम कहानियों का एक नया वर्जन है जो रियल ह्यूमन कनेक्शन के सच्चे और सामयिक उपाख्यानों को पेश करती है। मॉडर्न लव मुंबई ने हिंदी सिनेमा के छह सबसे प्रोलीफिक माइंड्स को शामिल किया है, जो एक साथ छह अनोखी कहानियां सुनाएंगे और दर्शकों को अलग-अलग मूड में लाएंगे। डायरेक्टोरियल 'माई ब्यूटीफुल रिंकल्स' के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर अलंकृता ने कहा, "दिलबर के किरदार के बारे में जो कहानी कहती है, उसके कारण यह बहुत आसान था, जहां हमें कभी-कभी खुद को यह याद दिलाने की जरूरत होती है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम किस उम्र के हैं, लेकिन जिंदगी अभी भी खूबसूरत है, और किरदार भी एक निश्चित तरीके से खुद को फिर से खोजता है, जो बहुत सी चीजों को बदल देता है, जिसकी वजह से मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छा शीर्षक था, जिसे हम दे सकते थे"। बता दें कि यह अमेजन ओरिजिनल सीरीज रंगिता और इशिता प्रीतीश नंदी द्वारा प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस के बैनर तले बनाई गई है और इसके अलग अलग एपिसोड्स में मसाबा गुप्ता, ऋत्विक भौमिक, सारिका, दानेश रजवी, तन्वी आजमी, तनुजा, प्रतीक गांधी, रणवीर बराड़, मेयांग चांग, येओ यान यान, वामीका गब्बी, नसीरुद्दीन शाह, अरशद वारसी और चित्रांगदा सिंह जैसे शानदार कलाकारों की टुकड़ी है। रात रानी में फातिमा सना शेख, भूपेंद्र जादावत, दिलीप प्रभावलकर हैं।

# सुनील शेटटी ने कहा, बेटी अथिया के लिए केएल राहुल मुझे पंसद



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड में इनदिनों शादियों का सीजन चल रहा है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी के बाद एक और जोड़ी है, जिसकी शादी की खबरें उड़ रही हैं। ये जोड़ी है, अभिनेत्री अथिया शेट्टी और क्रिकेटर के एल राहुल की। खबरें गर्म हैं कि ये जोड़ी इस साल दिसंबर में धूम-धाम से शादी करने वाली है। साथ ही खबर ये भी है कि कई दूसरे सितारों की तरह ये भी अपनी शादी काफी प्राइवेट तरीके से करने वाले हैं। इसबारे अथिया के पापा और अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपनी बेटी की शादी की इन खबरों पर बात रखी है। सुनील शेट्टी ने साफ कर दिया है कि उन्हें राहुल काफी पसंद हैं। हाल ही में एक इवेंट के दौरान सुनील शेट्टी से अथिया की शादी से जुड़ा सवाल पूछा गया, इसपर अभिनेता ने कहा, देखिए आथिया मेरी बेटी है और कभी न कभी तब उसकी शादी होगी। मेरा बेटा भी है, मैं तो उसकी भी शादी करना चाहता हूं। जितना जल्दी होगा उतना अच्छा है। ये उनका फैसला है। जहां तक राहुल की बात है,तब मुझे ये लड़का बहुत पसंद है। वहीं राहुल और अथिया की शादी पर सुनील शेट्टी ने कहा, ह्यअब समय बदल चुका है।ये उनका फैसला है कि उन्हें क्या कहना है। बेटी और बेटा दोनों ही जिम्मेदार हैं। मैं चाहता हूं कि वह अपनी जिंदगी के फैसले खुद लें। मेरा आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है।

# मराठी फिल्म 'धर्मवीर' का ट्रेलर रिलीज

इस साल की बहुप्रतीक्षित मराठी फिल्म 'धर्मवीर' 13 मई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म 'धर्मवीर' आनंद चिंतामणि दिघे के जीवन पर आधारित है जो शिवसेना पार्टी के वरिष्ठ नेता और शिवसेना पार्टी के ठाणे डिस्ट्रिक्ट यूनिट के चीफ थे। पिछले दिनों इस फिल्म का ट्रेलर जारी मुम्बई में आयोजित के भव्य समारोह में रिलीज किया गया। इस महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए। साथ ही इवेंट में महाराष्ट्र राज्य के शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अपनी मौजदूगी दर्ज कराई। 'धर्मवीर' का ट्रेलर लॉन्च काफी ग्रैंड रहा जहाँ अभिनेता सलमान खान के साथ कई बड़ी शख्सियतों को देखा गया जिनमें जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख, निखिल द्विवेदी, भाग्यश्री और कई नामचीन चेहरे शामिल थे।

## सूडोकु नवताल- 6070

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6069 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 6817

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | ब | द्री | ना | थ | य | ऋ | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | षि | ह | कां | गं |
| वि | स | की | वै | को | ह | रा | के | ल | ख | गो |
| के | स | स | क | ष्णो | वा | ज | ष | ह | श | त्री |
| दा | आ | र | ग | स | दे | ना | तू | रि | झ | प |
| र | ल | ला | र | दि | म | वी | ती | द्वा | घ | रिं |
| ना | व | का | शी | प | बा | ज | र | र | ना | थ |
| थ | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | सि | मी |
| ड | ल | अ | म | र | ना | थ | ग | शी | क | र |
| गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द | वि |
| वा | रा | ण | सी | क्षी | डि | त | ब | प | म | र |

शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार,गंगोत्री,वैष्णोदेवी,बद्रीनाथ,नासिक, केदारनाथ,अमरनाथ,ऋषिकेष,काशी, वाराणसी

### शब्दजाल - 6816 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | क | ल | ह | वा | म | ह | ल | सी | गे | ज |
| र | तु | ल | दे | र | ण | थ | म्भौ | र | ट | वा |
| त | स | ब | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | वे | द |
| वि | ज | ज | मी | पु | र | रा | प | र | ऑ | ब |
| वे | गा | इं | ग | ना | लं | ज | जं | गी | फ | र्नि |
| का | क | व | डि | ह | र | पू | त | ता | इं | ग |
| नें | अ | स | त | या | प | त | र | ज | डि | ट्रे |
| द | ता | दा | ई | ह | गे | सा | मं | ड | या | ला |
| स्मा | बा | चे | न | ब्रा | जी | ट | त | ल | प | ल |
| र | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | झी | स्त्री | कि |
| क | रा | जी | व | ता | ज | म | ह | ल | म | ला |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5770

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 5769 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in